दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 333 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, रविवार 28 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## अरावली पर्वतमाला के संरक्षण और सुरक्षा को लेकर हमारी सरकार गंभीर, लगाए जाएंगे नए पेड़: भजनलाल शर्मा

### शनिवार को वन विभाग और खनन विभाग के अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ने की लंबी बैठक वन विभाग को अरावली पर्वत श्रृंखला में नए पेड़ लगाने और अवैधखनन रोकने के दिए कड़े निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में अरावली पर्वतमाला के संरक्षण और सुरक्षा के लिए पूरी तरह से संकल्पित दिख रहे है। मुख्यमंत्री शर्मा अपनी सरकार के पहले दिन से ही प्रदेश में वृक्षारोपण को लेकर काफी गंभीर रहे और व्यापक तौर पर प्रदेश में पिछले 2 साल में वृक्षारोपण अभियान को पूरे प्रदेश भर में जोर-जोर से संपादित किया गया इसी का नतीजा है कि प्रदेश में वन विभाग की ओर से अब तक 20 करोड़ से ज्यादा नए पौधे लगाए जा चुके हैं जो यह बताता है कि सरकार प्रदेश में वृक्षारोपण को लेकर और प्रदेश में जंगल और वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर कितनी गंभीर और सजग है। हालांकि कांग्रेस पार्टी की ओर से अरावली पर्वतमाला को बचाने के लिए पिछले कुछ दिनों से जोर-शोर से आंदोलन किया जा रहा है रविवार को भी कांग्रेस पार्टी की ओर से अरावली पर्वतमाला को बचाने के लिए प्रदेश भर में प्रदर्शन किए गए जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पिछले कुछ दिनों से बार-बार सार्वजनिक सभाओं प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा अपने सोशल मीडिया अकाउंट से यह कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरावली पर्वतमाला में खनन पर रोक लगा दी है और प्रदेश सरकार भी प्रदेश में अरावली पर्वतमाला के संरक्षण और सुरक्षा को लेकर संकल्पित है लेकिन प्रदेश कांग्रेस पार्टी के नेताओं का कहना है कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल



सरकार लोगों को इस तरह के बयान देकर सिर्फ गुमराह कर रही है इसलिए कांग्रेस पार्टी के अरावली बचाओ अभियान को देखते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास पर वन विभाग और खनन विभाग के अधिकारियों की इमरजेंसी आयोजित की यह बैठक काफी देर तक चली बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में जिलेवार अरावली पर्वतमाला का फीडबैक लिया। जिलेवार अरावली पर्वतमाला की मौजूदगी का आकलन करके वहां हो रहे खनन गतिविधियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली इसके अलावा मुख्यमंत्री शर्मा ने बैठक में वन विभाग और खनन विभाग के अधिकारियों को साफ कहा कि केंद्र सरकार ने अरावली पर्वतमाला में फिलहाल खनन पर रोक लगा दी है इसलिए सरकार के इस निर्णय की अनुपालन गंभीरता से की जाए उन्होंने अधिकारियों से साफ कहा कि अगर इस मामले में कोई अधिकारी दोषी पाया गया तो फिर सरकार कड़ी कार्रवाई भी करेगी मुख्यमंत्री शर्मा ने वन विभाग के अधिकारियों को अरावली पर्वतमाला में नए पेड़ लगाने का भी

#### कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं बेवजह लोगों को गुमराह कर रही

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राजस्थान में ही नहीं बल्कि देश भर में कांग्रेस पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास उठ चुका है कांग्रेस पार्टी खुद को जनता में बनाए रखने के लिए अनर्गल मुद्दे उठा रही है पहले कांग्रेस पार्टी के नेता ईवीएम पर सवाल उठाते थे फिर वोट चोरी पर और अब अरावली पर्वतमाला को लेकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की ओर से अरावली पर्वतमाला के संदर्भ में स्पष्ट बयान देने के बाद भी कांग्रेस पार्टी लोगों को गुमराह कर रही है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने अरावली पर्वतमाला में खनन पर पाबंदी लगा दी है लेकिन कांग्रेस पार्टी इसको मानने को तैयार ही नहीं है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के धरने प्रदर्शन रैली सिर्फ मीडिया में जगह पाने के लिए कर रही है जनकल्याण प्रदेश और देश के विकास में उनकी कोई भी दिलचस्पी नहीं है

#### अरावली पर्वत श्रृंखला प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की अमूल्य प्राकृतिक धरोहर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को वन विभाग और खनन विभाग के अधिकारियों की बैठक में जोर देकर कहा कि अरावली पर्वत श्रृंखला प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की अमूल्य प्राकृतिक धरोहर है जिसका संरक्षण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है उन्होंने बैठक में अरावली पर्वतमाला के संरक्षण वन क्षेत्र विकास और खनन गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बैठक में अरावली क्षेत्र में सदन वृक्षारोपण अभियान चलाई जाने के निर्देश दिए और कहा कि हरित आवरण को बढ़ाया जाए जिसकी वजह से पर्यावरण संतुलन बनाया जा सके उन्होंने कहा कि अरावली का संरक्षण जलवायु संतुलन भूजल संरक्षण और जैव विविधता के लिए अत्यंत आवश्यक है बैठक में मुख्यमंत्री ने वन संरक्षण से जुड़े मामलों में तकनीक के अधिकतम उपयोग अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों की सुरक्षा और उनके जीवित रहने पर विशेष ध्यान दिया जाए मुख्यमंत्री ने विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने जन भागीदारी बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अभियानों को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश भीदिए

निर्देश दिए उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अरावली पर्वत श्रृंखला में ज्यादा से ज्यादा नए पेड़ लगाया जाए और ज्यादा से ज्यादा वह जंगल विकसित किया जाए उन्होंने कहा कि अरावली पर्वतमाला में जहां-जहां खनन की वजह से पिछले कई सालों से पेड़ हटाए गए हैं वहां पर ज्यादा से ज्यादा नए पेड़ लगाए जाएं और अरावली पर्वतमाला को पूरा संरक्षण और सुरक्षित रखा जाए बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने वन विभाग खनन विभाग जिला प्रशासन पुलिस सभी को आपस में समन्वय और सामंजस्य बनाते हुए वनों की सुरक्षा के लिए गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने वन विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि वह खुद मौके पर जाकर अरावली पर्वत श्रृंखला का अपने-अपने क्षेत्र में अवलोकन करें और जहां भी अवैध रूप से अगर कोई गतिविधि या खनन का कार्य हो रहा है तो उसके खिलाफ कड़ा एक्शन उठाएं उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि चाहे कोई कितना ही ताकतवर और बड़ा व्यक्ति क्यों ना हो अगर वह अवैध खनन और प्रदेश की वन संपदा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहा है तो उसके खिलाफ तुरंत बिना किसी दबाव में कार्य करें ।

## राजस्थान एंबुलेंस सेवा 108 और 104 रविवार रात 12:00 से हड़ताल पर, बुरी तरह से प्रभावित होगी चिकित्सा व्यवस्था

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** (कासं) आज रात 12:00 से राजस्थान एंबुलेंस सेवा 108 और 104 के कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने की वजह से प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था बिगड़ सकती है और गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों की जान भी जा सकती है क्योंकि प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था में इन एंबुलेंस सेवाओं का बहुत बड़ा योगदान है इसलिए सरकार ने राजस्थान एंबुलेंस सेवा कर्मचारी यूनियन की मांग पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की और यह हड़ताल अगर लंबी चली तो निश्चित रूप से कई लोगों की जान भी जा सकती है। जानकारी के अनुसार राजस्थान एंबुलेंस सेवा कर्मचारी यूनियन की ओर से कर्मचारियों की कार्य करने की अवधि 18 घंटे और वेतन संबंधी मांग है जिनको लेकर यूनियन ने आज रात 12:00 से हड़ताल करने का ऐलान कर दिया है अगर इस दौरान सरकार उनकी मांग मान लेती है तो हड़ताल का निर्णय वापस भी लिया जा सकता है। अब देखने वाली बात यह है कि सरकार राजस्थान एंबुलेंस सेवा कर्मचारी यूनियन की इस हड़ताल को लेकर आगे क्या निर्णय लेने जा रही है फिलहाल यूनियन ने हड़ताल करने का ऐलान जरूर कर दिया है उल्लेखनीय है कि प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था में एंबुलेंस सेवा 108 और 104 का बड़ा योगदान है क्योंकि प्रदेश भर में जहां-जहां सड़क दुर्घटनाएं होती है और सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को तुरंत अस्पताल पहुंचने में इन एंबुलेंस सेवाओं का बहुत बड़ा रोल होता है इसके अलावा छोटे अस्पतालों से बड़े अस्पतालों में मरीज को रेफर करने में भी इन गाड़ियों का इस्तेमाल होता है तथा कई बार अचानक कोई बड़ा हादसा हो जाता है जिसमें लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं उन्हें तुरंत चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिए इन गाड़ियों की मदद से घायल लोगों को तुरंत नजदीक के अस्पताल में पहुंचाया जाता है इसलिए यह गाड़ियां प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था को सुचारू रूप से संपादित करने में बड़ा योगदान होता है लोगों का भी कहना है कि यह गाड़ियां एक तरीके से लोगों की जिंदगी बचाने में काफी सहायक है इसलिए सरकार को जल्दी से जल्दी राजस्थान एंबुलेंस सेवा यूनियन को विश्वास में लेकर हड़ताल को रोकने का प्रयास करना चाहिए अन्यथा अगर यह हड़ताल लंबी चलती है तो फिर निजी एंबुलेंस गाड़ियां मानवाने तरीके से पहले से ही लोगों से पैसा वसूल करती है और जब यह सरकारी एंबुलेंस सेवा के लोग हड़ताल पर चले जाएंगे तो फिर निजी एंबुलेंस सेवा से जुड़े कर्मचारी मनमानी तरीके से पैसा वसूल करेंगे इसलिए इस हड़ताल को रोकना बहुत जरूरी है ।

## चांदी ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़े, 252000 रुपए प्रति किलो, 1 दिन में ही 16400 रुपए की हुई वृद्धि

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)** प्रदेश में अगले महीने 17 जनवरी से मलमास समाप्त होने वाले हैं मलमास समाप्त होते ही शादी का सीजन शुरू हो जाएगा। लेकिन पिछले कुछ महीनो से सोने और चांदी की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है जिसकी वजह से सोना चांदी के कारोबारी और ग्राहक दोनों परेशान है शनिवार को चांदी में अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए शनिवार को एक ही दिन में जयपुर में चांदी की कीमत में 16400 रुपए की बढ़ोतरी हुई और जयपुर में चांदी के भाव शनिवार को 2 लाख 52 हजार रुपए दर्ज किए गए इसी तरह से सोने के भाव में भी शनिवार को 1700 रुपए की वृद्धि हुई और शनिवार को जयपुर में सोने के भाव 10 ग्राम के 143000 रुपए निर्धारित थे शनिवार को जयपुर में सोने चांदी का कारोबार करने वाले व्यापारियों के यहां अन्य दिनों की तुलना में ग्राहकों की संख्या काफी कम रही हालांकि पुरानी चांदी के बदले नई चांदी के गहने लेने वाले ग्राहक जरूर देखे गए लेकिन नई चांदी खरीदने वाले ग्राहकों की संख्या काफी कम थी जिसकी वजह से व्यापारियों के चेहरों पर भी उदासी छाई हुई थी व्यापारियों का कहना है कि निश्चित रूप से चांदी के भाव में वृद्धि होने से उनकी दुकानदारी पर विपरीत असर पड़ रहा है उन्होंने कहा कि चांदी के भाव लगातार पिछले कुछ महीनो से बढ़ रहे हैं चांदी आजकल कई तरह के संयंत्र और उपकरणों में प्रयोग में लाई जाती है ।

## मनरेगा पर सच होगी राहुल गांधी की भविष्यवाणी ? सीडब्ल्यूसी की बैठक में बोले मल्लिकार्जुन खड़गे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के ने शनिवार को दिल्ली में आयोजित कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला उन्होंने कहा कि यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब देश का लोकतंत्र संविधान और नागरिकों के अधिकार अभूतपूर्व संकट से गुजर रहे हैं खड़गे ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया की संसद के शीतकालीन सत्र में मनरेगा को समाप्त करके सरकार ने करोड़ों गरीब परिवारों को दो वक्त की रोटी से वंचित किया है बल्कि एक ऐसी योजना को भी खत्म कर दिया जिससे दशकों से ग्रामीण भारत को आर्थिक सुरक्षा दी थी उन्होंने कहा कि यह कदम सिर्फ गरीबों के पेट पर लात मारने जैसा नहीं बल्कि उनकी पीठ में छुरा मारा है कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार ने बिना किसी अध्ययन मूल्यांकन और राज्य सरकारों से सलाह लिए बिना इस अचानक खत्म कर दिया ठीक वैसे ही जैसे तीन कृषि कानून ले गए थे उन्होंने कहा कि जब 2015 में भूमि अधिग्रहण कानून बदल गया था तब कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर सरकार को पीछे हटने पर मजबूर किया फिर 2020 में कृषि कानून के खिलाफ किसानों का संघर्ष भी देश ने देखा जिसमें 700 से अधिक किसानों ने अपनी जान दी और अंतत सरकार को माफी मांग कर कानून को वापस लेना पड़ा । इसी क्रम में उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी पहले ही यह भविष्यवाणी कर चुके हैं कि जिस तरह कृषि कानून वापस लेने पड़े इस तरह सरकार को मनरेगा को भी दोबारा बहाल करना पड़ेगा मल्लिकार्जुन खड़के ने कहा कि मनरेगा सिर्फ एक रोजगार योजना नहीं




बल्कि ग्रामीण भारत के परिवर्तन की कहानी है जब वह श्रम मंत्री थे और जी-20 देश के मंच पर जाते थे तब दुनिया भर के प्रधानमंत्री और मंत्रियों ने इस योजना की सराहना की। उन्होंने याद दिलाया कि 2 जनवरी 2006 को आंध्र प्रदेश के बंदलापल्ली में सोनिया गांधी और डॉक्टर मनमोहन सिंह ने मनरेगा की शुरुआत की थी और इसके बाद से यह दुनिया का सबसे बड़ा ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम बन गया यह वही योजना थी जिसे पलायन रोका ग्रामीण इलाकों को काल भूख और शोषण से राहत दी और दलितों आदिवासियों तथा गरीब महिलाओं को आत्मविश्वास दिया की सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि आज भारत में एक पूरी ऐसी पीढ़ी मौजूद है जिसने मनरेगा की बदौलत गरीबी से बाहर निकाल कर शिक्षा हासिल की और सम्मान के साथ जीना सिखा यही कारण था कि इस योजना को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम समर्पित किया गया था उन्होंने कहा कि मनरेगा को समाप्त करना महात्मा गांधी की उसे सोच का अपमान है जिसमें सर्वोदय यानी सबके कल्याण की मूल भावना शामिल थी इसी संदर्भ में उन्होंने सोनिया गांधी के उसे बयान का उल्लेख किया जिसमें कहा गया था कि मनरेगा का अंत एक सामूहिक नैतिक असफलताहै इसके मनाविक और आर्थिक परिणाम आने वाले वर्षों में करोड़ों लोगों को झेलने पड़ेंगे। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यूपीएस सरकार द्वारा किए गए कामों का जिक्र किया राइट टू वर्क राइट टू फूड राइट टू एजुकेशन राइट टू हेल्थ का जिक्र किया और कहा कि इनमें से सबसे महत्वपूर्ण माने जाने वाले राइट टू वर्क पर मोदी सरकार ने संगठित और सुनियोजित तरीके से हमला किया है उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि आज सरकार को गरीबों की नहीं चांद बड़े पूंजी पतियों की कमाई की चिंता ज्यादा है जबकि महात्मा गांधी हमेशा कहते थे जो चीज जनता से शेयर ना की जा सके की वह मेरे लिए वर्जित है कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना कैबिनेट मंत्रियों से सलाह किए नरेगा को समाप्त किया है ऐसा लग रहा है जैसे केंद्र में वन मैन शो चल रहा है उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत राज्यों को पैसा मिलता था वह पैसा अब नहीं मिल पाएगा इस योजना का केंद्रीय कारण किया गया है राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा को समाप्त करके केंद्र की मोदी सरकार ने ठीक वैसा ही किया है जैसा नोटबंदी का निर्णय लिया गया था उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ दो-तीन पूंजी पतियों की सरकार बनकर रह गई है ।

## चोमू में आज भी इंटरनेट बंद, कई इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात, पुलिस अधिकारियों ने डेरा डाला



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** चोमू में बस स्टैंड पर मस्जिद के सामने किए गए अतिक्रमण हटाने को लेकर मचे बवाल के बाद पुलिस ने करीब 110 लोगों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया इनमें से अधिकांश को जमानत भी मिल गई है ।लेकिन पुलिस ने चोमू के कई इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया है पुलिस के अधिकारी इलाके में डेरा डाले हुए हैं पुलिस को संदेह है कि कहीं ना कहीं यह मामला आगे भी तूल पकड़ सकता है क्योंकि इस मामले को लेकर प्रदेश की राजनीतिक पार्टियों के नेता भी लगातार एक दूसरे के खिलाफ बयान बाजी कर रहे है। इसलिए पुलिस कोई जोखिम उठाना नहीं चाहती, शहर में कानून और शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए इंटरनेट को 28 दिसंबर तक बंद करने का निर्णय लिया। इसके अलावा पुलिस के सभी बड़े अधिकारी चोमू में डेरा डाले हुए हैं और इस मामले से जुड़े प्रत्येक पहलू की गतिविधियों पर पुलिस के अधिकारी अपने स्तर पर नजर का हुए हैं इसके अलावा चोमू शहर में बिना पुलिस की वर्दी के भी पुलिसकर्मी इधर-उधर घूम कर लोगों के बीच इस मामले को लेकर क्या चल रहा है। इसकी जानकारी एकत्र करके उसे अपने बड़े अधिकारियों तक भिजवा रहे हैं जानकारी के अनुसार पुलिस और प्रशासन से जुड़े बड़े अधिकारियों को ऐसा लग रहा है कि यह मामला सांप्रदायिक तूल पकड़ सकता है इसलिए पुलिस और प्रशासन के बड़े अधिकारी विभिन्न सामाजिक संगठनों से लगातार बातचीत करके इस मामले को शांतिपूर्वक तरीके से हल करने का प्रयास कर रहे हैं चोमू शहर के हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने चौमू पुलिस स्टेशन के सामने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर पुलिस के समर्थन में नारेबाजी की थी और कहा था कि पुलिस ने जो कार्रवाई की है उसमें चोमू के लोगों का पुलिस को पूरा समर्थन है हालांकि नारेबाजी कर रहे लोगों को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राहुल प्रकाश ने समझाया और कहा कि पुलिस कानून और नियम के अनुसार कार्य कर रही है जिन लोगों ने उपद्रव मचाया और शांति भंग करने की कोशिश की उन्हें पुलिस अरेस्ट कर चुकी है आगे भी पुलिस इस पूरे मामले में सावधानी बरत रही है और पुलिस चोमू में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी । जो आवश्यक होगा इसके बाद पुलिस के समर्थन में नारेबाजी कर रहे हिंदू संगठन के लोग वहां से चले गए थे लेकिन पुलिस और प्रशासन से जुड़े लोगों को अब भी यह संदेह है कि कहीं यह मामला दो संप्रदायों के बीच आपस में झगड़े का कोई बड़ा कारण नहीं बन जाए इसलिए पुलिस के सभी बड़े अधिकारी चोमू शहर में डेरा डाले हुए हैं और विभिन्न संप्रदाय संगठनों से जुड़े लोगों से लगातार बातचीत करके कस्बे में शांति और कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के प्रयास किया जा रहे हैं इसके अलावा चोमू के कई इलाकों में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया हुआ है रात्रि के समय भी पुलिस फोर्स तैनात रहती है और पुलिस के सभी बड़े अधिकारी रात्रि के समय खुद चोमू शहर में इधर-उधर निगरानी करते हुए नजर आ रहे हैं कुल मिलाकर चोमू में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है ।

## दिया कुमारी ने सांभर फेस्टिवल का किया उद्घाटन और कहा पर्यटकों की सुविधाओं पर पूरा फोकस

### सांभर अब ग्लोबल टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को सांभर महोत्सव का शुभारंभ किया यह सांभर फेस्टिवल राजस्थान पर्यटन विभाग जयपुर जिला प्रशासन तथा सांभर नगर पालिका के संयुक्त तत्वाधान में 27 से 31 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर दिया कुमारी ने क्राफ्ट एंड फूड स्टॉल का भ्रमण किया तथा कलाकार एवं हस्तशिल्पियों का उत्साहवर्धन भी किया दिया कुमारी ने इस अवसर पर डाक कार्ड का भी विमोचन किया उन्होंने पतंग प्रदर्शनी एवं फोटो प्रदर्शनी का भी अवलोकनकिया



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सांभर फेस्टिवल की सभी को बधाई देते हुए देश-विदेश से आए पर्यटकों का स्वागत किया और कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष फेस्टिवल का आयोजन और भी बड़े स्तर पर किया जा रहा है तथा अगले वर्ष यह और भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा उन्होंने कहा कि सांभर फेस्टिवल ने अब तक वैश्विक पर्यटन मंच पर अपनी अलग पहचान बना ली है सांभर अब ग्लोबल टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनता जा रहा है उन्होंने कहा कि सांभर की विशिष्ट पहचान इसका अद्वितीय प्राकृतिक सौंदर्य है शीत ऋतु में यूरोप और उत्तरी एशिया से आने वाले विभिन्न प्रजाति के पक्षी विशेष कर ग्रेटर फ्लैमिंगो सांभर को वैश्विक पहचान दिलाते हैं दिया कुमारी ने कहा कि सरकार पर्यटकों की सुविधाओं के लिए विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सड़क कनेक्टिविटी विकास को लेकर सरकार निरंतर कार्य कर रही है उन्होंने पर्यटकों से सांभर के प्राकृतिक सौंदर्य स्थानीय आकर्षणों और लोक कलाकारियों की प्रस्तुतियां का भरपूर आनंद लेने का आवाहन किया दिया कुमारी ने जयपुर सहित सभी पर्यटन प्रेमियों से आग्रह किया कि वह सांभर में आयोजित हो रहे इस फेस्टिवल में अधिक से अधिक सहभागिता कर यहां के अद्भुत प्राकृतिक रमणीयता का आनंद ले यहां स्थित विभिन्न पर्यटक स्थलों को भी देखें उन्होंने पर्यटकों से यह भी आग्रह किया कि वे सभी यहां के वीडियो और फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जरूर अपलोड करें

#### सांभर फेस्टिवल के मुख्य आकर्षण

सांभर फेस्टिवल में विभिन्न कला और शिल्प स्टालिन फोटोग्राफी प्रदर्शनी और फूड कोर्ट के साथ ही सांभर मौसम में फंसी एवं आकर्षक पतंग प्रदर्शनी एवं विशेष पतंग उड़ान गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। घोड़े की सवारी ऊंट की सवारी की गतिविधियों का पर्यटक आनंद लेते हुए दिखाई दिए इस भव्य पर्यटन मेले में एडवेंचर गतिविधियां पैरासेलिंग पैरामीटरिंग पैराग्लाइडिंग जीप सफारी एटीवी बैलून राइड साइकलिंग जैसी गतिविधियों में पर्यटक शामिल होते हुए दिखाई दिए इस अवसर पर लोक कलाकारों द्वारा शानदार कलात्मक प्रदर्शन किया गया। सांभर फेस्टिवल में जीप कर एडवेंचर रैली नमक प्रसंस्करण यात्रा पक्षी देखने की यात्रा नमक झील का दौरा ट्रेन से नामक अभियान तारों को देखने की गतिविधि देवयानी तीर्थ सरोवर पर दीपोत्सव और महा आरती और दुर्गा आरती जैसे एक से बढ़कर एक आयोजन सुनिश्चित किए गए हैं।

## 13 वां युवा खेल सप्ताह मे रग्बी फुटबॉल एवं जिमनास्टिक कि प्रतियोगिता हुई आयोजित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** युवा खेल विकास समिति एवं क्रीड़ा भारती अलवर के संयुक्त तत्वाधान में 13 वां युवा खेल सप्ताह के रग्बी फुटबॉल एवं जिमनास्टिक कि प्रतियोगिता आयोजित हुई। समिति के सचिव रजनीश जैमन ने बताया कि रग्बी फुटबॉल का परिणाम अंडर 17 वर्ष बालिका वर्ग में पीएम श्री स्कूल पिनान प्रथम, राजकीय विद्यालय छीलौडी द्वितीय, सीनियर वर्ग में तिलवार रग्बी क्लब प्रथम, रैनी क्लब द्वितीय रही, जूनियर पुरुष वर्ग में इंदरगढ प्रथम, एआरसी क्लब पिनान द्वितीय, सीनियर वर्ग में अर्क क्लब पान प्रथम, इंदरगढ द्वितीय रहे। हरपाल सिंह, जितेश मीणा , युवराज शर्मा, राजेश शर्मा , आदि मौजूद रहे। आज कार्यक्रम दिनांक 28 दिसम्बर को योगा - ओसवाल स्कूल, अलवर, प्रातः 9 बजे ,पॉवर लिफ्टिंग-आकाश जिम, मालाखेड़ा, प्रातः 9.30 बजे ,वेट लिफ्टिंग - आकाश जिम मालाखेड़ा प्रातः 9.30 बजे ,कराटे - चिनार स्कूल, अलवर , प्रातः 10 बजे. , टेबल टेनिस फोर्स टेबल टेनिस एकेडमी, प्रातः 11 बजे, शूटिंग बॉल, मुंशी बाग अलवर दोपहर 2 बजे होगी।

## मानसिक विमंदित बच्चों को गर्म कपड़े और उपयोगी सामग्री की प्रदान

### नेक कमाई का जरूरतमंद बच्चों के साथ अभियान



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से दयानंद नगर में स्थित आदर्श विमंदित विद्यालय के विद्यार्थियों को गर्म कपड़े, स्लीपर, स्कूल के लिए उपयोगी सामान तथा सभी बच्चों को उपहार प्रदान किए। कार्यकम में मुख्य संरक्षक दौलत राम हजरती ने कहा कि इन बच्चों को उपयोगी वस्तुओं की कमी नहीं आने दी जाएगी। मुंबई की एडवोकेट अमिता मालवीया ने कहा कि ऐसे बच्चों की बात सीधी प्रभु तक पहुंचती है जिनकी सेवा से हमें खुशी मिलती है। कार्यक्रम में मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने कहा कि नेक कमाई विमंदित ओर निशक्तजन सहित आर्थिक दृष्टि से कमजोर बच्चों के लिए कई कार्यक्रम चला रहा है। संचालन रेखा महलावत ने किया। विद्यालय प्रधान पायल प्रधान ने विद्यालय के बारे में जानकारी दी तथा आभार जताया। इस अवसर पर विमंदित बच्चों ने नृत्य कर खुशी का इजहार किया।

## श्रीमद् भागवत कथा में संत ने दिया व्यास पीठ द्वारा समाज में आ रही कुरीतियों को दूर करने का संदेश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्री महावर वैश्य सामुदायिक भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर शनिवार को वृन्दावन धाम से पधारे पंडित नवल किशोर महाराज के द्वारा भक्त प्रहलाद व नृसिंह अवतार की जीवन्त संगीतमय प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर दिति व अदिति के पुत्रों की शिक्षा व व्यवहार में अन्तर की विवेचना की गई। व्यास पीठ द्वारा समाज में आ रही कुरीतियों को दूर करने का संदेश दियां उन्होंने बताया कि समाज में सभी बराबर है व भेदभाव का समाज में कोई स्थान नहीं है। इस अवसर पर बांके बिहारी जी की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गयी। सभी दर्शक व श्रौता भाव विभोर हो नाचने लगे। डॉ. रमाकान्त शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर ब्राह्मण महासभा अलवर अध्यक्ष विश्वम्भर दयाल वशिष्ठ व समिति के सदस्यों ने व्यासपीठ को शाल उढाकर व माल्यापर्ण कर स्वागत व अभिनन्दन किया। इस कथा का आयोजन 31 दिसम्बर 2025 तक निरन्तर रहेगा। 28 दिसम्बर, रविवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा होगी। इस अवसर पर पं. धर्मवीर शर्मा, विश्राम गोस्वामी, जगदीश वर्मा, लोकेश शर्मा, जसराम यादव, सुरेश गुप्ता मुंडाने वाले, पी.दास भगत, शिवदत्त शर्मा, डॉ. रमाकान्त शर्मा, राजेश कुमार शर्मा, बलवीर सिंह गोठवाल आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जिला परिषद में 30 दिसंबर को अन्य पिछड़ा वर्ग के पिछड़ेपन पर जनसुनवाई /जन-संवाद कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निस)।** राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के सामाजिक-शैक्षणिक पिछड़ेपन के संबंध में जनसुनवाई/ जन-संवाद कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 30 दिसंबर 2025 को सभागार जिला परिषद अलवर में किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित होगा। आयोग के निर्देशानुसार आयोजित इस जन-संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर उनके सुझाव, समस्याएं एवं विचार जानना है, ताकि संबंधित विषयों पर तथ्यात्मक एवं व्यावहारिक जानकारी संकलित की जा सके। कार्यक्रम के अनुसार जन-संवाद में मा0 प्रो0 राजीव सक्सैना (सदस्य) एवं मोहन मोरवाल (सदस्य) भाग लेंगे। कार्यक्रम में खैरथल-तिजारा जिलों के जनप्रतिनिधि एवं आमजन भाग लेगें।

# धौलपुर में कांग्रेस का जनआंदोलन, अरावली और मनरेगा को लेकर केंद्र पर निशाना

### संगठनात्मक बैठक में दिखा आंतरिक तनाव

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** कांग्रेस पार्टी ने पर्यावरण संरक्षण और जनहितकारी योजनाओं के मुद्दे पर जोरदार प्रदर्शन किया। गांधी पार्क में आयोजित इस धरना-प्रदर्शन के जरिए अरावली पर्वतमाला के संरक्षण और मनरेगा योजना में प्रस्तावित बदलावों को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। यह कार्यक्रम राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेशभर में चल रहे जनजागरण अभियान का हिस्सा था। जिला कांग्रेस कमेटी धौलपुर के बैनर तले आयोजित इस आयोजन की अगुवाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक संजय कुमार जाटव ने की। धरना स्थल पर मौजूद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अरावली को बचाने तथा मनरेगा जैसी रोजगार पर योजना को कमजोर किए जाने के प्रयासों का विरोध किया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक संजय जाटव ने कहा कि अरावली पर्वतमाला केवल पहाड़ियों की श्रृंखला नहीं, बल्कि राजस्थान के पर्यावरण संतुलन की रीढ़ है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार औद्योगिक हितों को साधने के लिए अरावली क्षेत्र को निजीकरण की ओर धकेल रही है। जाटव ने कहा कि अरावली थार रेगिस्तान के विस्तार को रोकने में अहम भूमिका निभाती है और कांग्रेस इसे किसी भी कीमत पर नुकसान नहीं होने देगी। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित दुर्गादत्त शास्त्री ने कहा कि अरावली का संरक्षण केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि संवैधानिक दायित्व भी है। वहीं कांग्रेस नेता प्रशांत परमार, प्रदेश सचिव अमित मुद्गल और अन्य वक्ताओं ने अरावली को धूलभरी आंधियों से सुरक्षा कवच और जलवायु संतुलन का आधार बताया। सामाजिक कार्यकर्ता शैरा गुर्जर ने सेंचुरी परियोजनाओं के नाम पर स्थानीय लोगों के विस्थापन का मुद्दा उठाते हुए सरकार से पुनर्विचार की मांग की। कार्यक्रम में कांग्रेस के कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम लोग मौजूद रहे। आयोजन की शुरुआत वंदे मातरम् से की गई और समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। संचालन संगठन महासचिव धनेश जैन ने किया। हालांकि, इसी कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस की एक आंतरिक बैठक में संगठनात्मक असंतोष भी सामने आया। ब्लॉक अध्यक्ष और पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष के बीच कार्यशैली को लेकर तीखी बहस हो गई। पूर्व पदाधिकारी ने ब्लॉक स्तर पर बैठकों के अभाव और संगठन की सक्रियता पर सवाल उठाए। इन आरोपों से नाराज ब्लॉक अध्यक्ष फारूख ने कड़ा विरोध जताया और भावुक होते हुए इस्तीफे तक की बात कह दी। मौके पर मौजूद विधायक संजय जाटव सहित वरिष्ठ नेताओं ने तुरंत हस्तक्षेप कर स्थिति को संभाला और दोनों पक्षों को समझाइश देकर मामला शांत कराया। इस घटनाक्रम ने जहां कांग्रेस के जनआंदोलन को चर्चा में रखा, वहीं संगठन के भीतर बेहतर समन्वय की जरूरत भी उजागर कर दी।

# यहां दिखाः अनादिअनंत का आशीर्वाद और योगी का तप

### विशाल भण्डारे के साथ सम्पन्न हुआ बाल योगी आकाशनाथ का जलधारा तप




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर के समीपवर्ती नया भूरासिद्ध वन विभाग चौकी के पीछे श्री गुरु गोरक्षनाथ आश्रम पर एक दिसम्बर से चल रहे जलधारा तप का शुक्रवार को अनादिअनंत के आशीर्वाद के बीच समापन हुआ। जहां सभी ने देखा उस अनादिअनंत ईश्वर के आशीर्वाद की शक्ति का तप। आए हुए सभी श्रद्धालुओं ने नतमस्तक होकर धोक लगाई और संत योगी आकाशनाथ का आशीर्वाद लिया। यह वह दृश्य था जहां जिसे विश्वास नहीं होता उसे भी विश्वास करने पर एक बार नतमस्तक होना पड़ता है। शनिवार को देशभर से पहुंचे साधुसन्तो, नाथो के सानिध्य में महायज्ञ का अयोजन हुआ।जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति दी। आश्रम से जुड़े श्रद्धालु सुशील योगी ने बताया कि विगत 4 वर्षों से यह कठोर जलधारा तप का आयोजन बालयोगी आकाश नाथ द्वारा गुरु गोरक्षनाथ आश्रम पर किया जा रहा है। शुक्रवार की शाम जलधारा तप के समापन पश्चात भजन कीर्तन हुआ, जिसमें गोविन्ददास जी महाराज के नेतृत्व में सम्पूर्ण रात्रि प्रतिष्ठित भक्त कलाकारों द्वारा सत्संग किया गया। प्रातःकाल हवन के पश्चात् सर्वप्रथम संतों की पंगत हुई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में साधु सन्तों ने पंगत प्रसादी पाई। आश्रम में एक तरफ धुने के पास भजनावली चलती रही और दूसरी तरफ विशाल भण्डारा चलता रहा, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी पाई।बालयोगी आकाशनाथ महाराज द्वारा इस जलधारा तप में पूर्ण निष्ठा से जुडे सेवादारों को रूद्राश्र की माला व प्रसाद देकर आर्शीवाद दिया गया। जलधारा तप कर रहे साधु बालयोगी आकाश नाथ ने बताया कि इस जलधारा तक का नाथ संप्रदाय में विशेष महत्व है और इसका उद्देश्य सृष्टि में लोक कल्याण की भावना व सभी की कुशलता की कामना होती है।

आचार्य दीपक अवस्थी ने सम्पूर्ण कार्यक्रम में प्रधान पोरोहित्य की भूमिका निभाई। इस अवसर पर असलनाथ जी महाराज, अभयपुरी जी, गोविन्ददास, जयसनाथ, मुकेशनाथ, खैरूनाथ, शंकरनाथ सहित सैकड़ों साधुसन्त एवं हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सूने मकान और ब्यूटी पार्लर में चोरी की बड़ी वारदात

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** जिले के निहालगंज थाना क्षेत्र में एक सूने मकान और ब्यूटी पार्लर में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने 10 लाख 50 हजार रुपए नकद और लगभग 40 लाख रुपए मूल्य के सोने, चांदी और हीरे के आभूषण चुरा लिए। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दो चोर चोरी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। मकान मालिक श्वेता तिवारी ने बताया कि उनके पति का निधन हो चुका है। वह अपने बच्चों के साथ सैंपऊ रोड स्थित कॉलोनी में ब्यूटी पार्लर चलाकर परिवार का भरण-पोषण करती हैं। श्वेता तिवारी क्रिसमस के अवसर पर 23 दिसंबर को अपने भाई के घर झांसी गई हुई थीं। उसने बताया कि 24 दिसंबर को उनके ब्यूटी पार्लर के स्टाफ ने काम किया था, जिसके बाद 25 दिसंबर को पूरे स्टाफ को छुट्टी दे दी गई थी। इसी दौरान 25 और 26 दिसंबर की दरमियानी रात को चोरों ने वारदात को अंजाम दिया।चोरों ने घर के ताले तोड़कर ऊपर के कमरे की अलमारी में रखे 10 लाख 50 हजार रुपए नकद और लगभग 40 लाख रुपए के गहने चुरा लिए। चोरी हुए आभूषणों में सोने की 9 अंगूठियां, हीरे की 2 अंगूठियां, सोने की 4 चेन, एक मंगलसूत्र, सोने के 5 पेंडल, कानों के 9 झुमके, हीरे के 2 झुमके, गले का 1 हार, गले की मोती की 1 माला, गिन्नी की अंगूठी और लगभग आधा किलो चांदी के आभूषण शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर बदनाम करने का विरोध

### थानाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** क्षेत्र में पिछले दो दिनों से सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम व फेसबुक पेज पर कुछ लोगों की ओर से एक वीडियो अपलोड किया गया है। जिसमें कुछ लोग एक युवक के बाल काटते हुए दिखाई दे रहे हैं और वीडियो की वॉइस में एक विशेष समाज के खिलाफ जाति सूचक शब्द का प्रयोग किया जा रहा है। हालांकि इस प्रकार की वीडियो को बिना ब्लर किए प्रसारित करना अपराध की श्रेणी में आता है। लेकिन कुछ सोशल मीडिया संचालक अपने फॉलोवर्स बढ़ाने के चक्कर में इस प्रकार के वीडियो को प्रसारित कर रहे हैं। इस मामले को लेकर सरदारशहर में वाल्मीकि समाज के लोगों ने शनिवार को पार्षद अमिताभ चांवरिया व ओमकार बाली के नेतृत्व में सरदारशहर पुलिस थाना पहुंचकर थाना अधिकारी मदनलाल बिश्नोई को ज्ञापन दिया और सोशल मीडिया पर इस प्रकार की वीडियो डालने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की है। वाल्मीकि समाज के पार्षद अमिताभ चांवरिया ने बताया कि 2 दिन से सोशल मीडिया पर एक वीडियो चल रहा है। जिस पर हमारे समाज को लेकर जाती सूचक शब्दों का प्रयोग किया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ सोशल मीडिया के अकाउंट संचालक अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए हमारे पूरे समाज को बदनाम करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने प्रशासन से मांग की है कि जो व्यक्ति इस प्रकार के वीडियो वायरल कर रहे हैं। उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। ओमकार बाली ने कहा कि अगर पुलिस प्रशासन की ओर से दो दिन में कार्रवाई नहीं होती है तो आंदोलन किया जाएगा और धरना भी देना पड़े तो धरना दिया जाएगा।

## एक व्यक्ति एक पेड़ अभियान के तहत किया पौधा भेंट

**नवलगढ़(निस)।** डूंडलोद कस्बे के समाज सेवी व व्यवसायी सुभाष चंद्र भूत डूंडलोद को उनके जन्मदिन पर एक व्यक्ति एक पेड़ अभियान ऑक्सीजन जन आंदोलन के तहत वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ सांखू ने एक व्यक्ति एक पेड़ अभियान के तहत पौधा भेंट किया और सारसंभाल की जिम्मेदारी सौंपी। इस मौके पर समाजसेवी सुभाष चंद्र भूत ने कहा कि सभी को कम से कम अपने जीवन में एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ सांखू की ओर से चलाया जा रहा एक व्यक्ति एक पेड़ अभियान एक सराहनीय कदम है। जिसका आम जनता को काफी लाभ हो रहा है। वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ सांखू की ओर से अब तक तीन लाख से अधिक पेड़ लगाए जा चुके है। इस अवसर पर सुभाष चंद्र भूत के सभी परिजन उपस्थित रहे।

## श्री सीमेंट फैक्ट्री में चेंबर खुदाई के दौरान मजदूर की मौत

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** नवलगढ़ के गोठड़ा थाना स्थित श्री सीमेंट फैक्ट्री में चेंबर की खुदाई के दौरान मिट्टी में राजेन्द्र पुत्र सुखराम जाट दब गया। शनिवार को लगभग प्रातः 10 बजे के करीब युवक राजेन्द्र पुत्र सुखराम जाट निवासी टिगयास पुलिस थाना मंड्रेला फैक्ट्री में चल रहे चेंबर खुदाई के काम को करने के लिए रोज़ की तरह गया तो काम करते समय राजेन्द्र पुत्र सुखराम की चेंबर में दबने से गंभीर घायल। पीड़ित को जिला अस्पताल नवलगढ़ लाया गया जिसमें जिला अस्पताल में डॉक्टर ने मृतक घोषित कर दिया। गोठड़ा थाना प्रभारी धर्मेंद्र मीणा ने कहा कि शनिवार सुबह 10 बजे हमारे पास सुचना प्राप्त हुई। और तुरंत हम घटना स्थल पर पहुंचे, पीड़ित को जिला अस्पताल में लाया गया और परिजनों को सूचना दी गई। फैक्ट्री के ठेकेदार सोहन सिंह और परिजनों के बीच लंबी वार्ता के बाद 4 बजें तक कोई फैसला नहीं लिया गया। लगातार एक वर्ष में श्री सीमेंट फैक्ट्री के में अनेक घटनाएं सामने आयी है एक वर्ष में अनेक परिवारों ने अपने परिवार के सदस्य को खोया हैं। आस-पास के नज़दीकी लोग प्रदूषण के शिकार हुए हैं। नवलगढ़ पुलिस और गोठड़ा पुलिस दोनों पुलिस बल के साथ फैक्ट्री और परिजनों के मध्य वार्ता में मौजूद रहे।

## गौ सेवा संकल्प हमारी संस्कृति हमारी परम्परा कलैंडर विमोचन



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती गांव चूड़ी अजीतगढ़ में स्थित श्री ठेलाणा धाम बालाजी मंदिर में पौषबड़ा महोत्सव व गौ सेवा संकल्प हमारी संस्कृति हमारी परम्परा कलैंडर विमोचन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राकेश स्वामी, अनिल शर्मा, डॉक्टर लोकनाथ शर्मा, समाज सेवी रामस्वरूप वर्मा, मुकेश मोहन शास्त्री, दिनेश सुरोलिया, सुनिल शर्मा, सज्जन लाल गौड़, मुन्ना लाल सैनी, गौरीशंकर सैनी, मनोज वर्मा, सुभाष गोपाल गौड़, चेतन पाराशर, मोहन स्वामी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष पं. अनिल मुरारी शर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया व गौ महिमा का वर्णन किया।

## प्रभु भक्ति के साथ देशभक्ति पर भी दें ध्यान

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय सांखला बास स्थित श्याम बाड़ी मे चल रही श्री मद भागवत कथा के समापन दिवस पर कथा वाचक पंडित मोहित शास्त्री ने भगवान की भक्ति के साथ-साथ देश भक्ति का भी बड़ा महत्व बताया। उन्होंने कहा कि आज सनातन धर्म को मजबूत करने का समय है और हमारा सौभाग्य है कि आज हमारे धर्म और देश की डोर बहुत मजबूत राजा के हाथो में है। कथा विश्राम के पश्चात भागवतजी को लुहारागाड़ा स्थित गणेश मन्दिर तक गाजे बाजे के साथ पहुंचाया गया। जुलुस बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



# रघुनाथ बालिका महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** कस्बे के रघुनाथ बालिका महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ गरिमामय वातावरण में हुआ। शिविर का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक चेतना और राष्ट्रसेवा की भावना को सुदृढ़ करना है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थानाधिकारी राजाराम लेघा ने अपने संबोधन में कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, सोच सकारात्मक हो और संकल्प मजबूत हो, तो कोई भी शक्ति युवाओं को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कैरियर निर्माण, सोशल मीडिया के सकारात्मक व नकारात्मक प्रभाव, महिला सशक्तिकरण, बढ़ते अपराध व उनकी रोकथाम, अवचेतन मस्तिष्क की शक्ति और सामाजिक कुरीतियों पर विस्तार से विचार रखे। संवाद सत्र के दौरान छात्राओं ने बेझिझक प्रश्न पूछे और अपने अनुभव साझा किए। बार संघ के उपाध्यक्ष नरेंद्र चेजारा ने छात्राओं को कानून, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। महाविद्यालय सचिव ओमप्रकाश जांगिड़ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि एनएसएस जैसे शिविर छात्राओं के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। संस्थान की प्रशासक गायत्री पोरवाल ने बताया कि शिविर के दौरान शिक्षा, खेल व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। छात्राओं की ओर से प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह में उत्साह और ऊर्जा भर दी।इस अवसर पर पत्रकार संघ के सचिव डॉ. प्रभाष नारनौलिया, भाजपा आईटी सेल प्रभारी कमल सुरोलिया, प्रवक्ता विक्रम, सुभाष, विकास रिंगसिया, मनीषा सोनी, पोखरमल, हरलाल मूंड सहित अनेक नागरिक, अभिभावक व छात्राएं उपस्थित रहीं।

## विधायक रविंद्र सिंह भाटी का नाम लेकर ग्रामीणों को धमकाने वाले ठेकेदार को पुलिस ने किया अरेस्ट

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बाड़मेर जिले में शिव विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी का नाम लेकर ग्रामीणों को धमकाने वाले ठेकेदार भवानी सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है ।ग्रामीणों ने ठेकेदार के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी इसके बाद पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए आरोपी ठेकेदार भवानी सिंह को अरेस्ट किया है । हालांकि इस मामले में जब सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था तो वीडियो में अपना नाम आने पर स्थानीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने बाकायदा ग्रामीणों से माफी मांगी थी और स्वीकार किया था कि अगर सड़क घटिया बनी है तो इसकी शिकायत करने का अधिकार ग्रामीणों को है उन्होंने कहा कि इस मामले में उनका नाम लिया गया तो यह उनका नैतिक दायित्व बनता है कि वह खुद ग्रामीणों से माफी मांगे । इसलिए भाटी ने ग्रामीणों से माफी मांगी जानकारी के अनुसार श्री विधानसभा क्षेत्र में एक गांव में घटिया सड़क निर्माण को लेकर लोगों में काफी गुस्सा था मौके पर जब ग्रामीण ठेकेदार से सड़क की शिकायत कर रहे थे तो ठेकेदार भवानी सिंह ग्रामीण पर गुस्सा हो गए और उन्होंने स्थानीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी का नाम लेकर ग्रामीणों से भला बुरा कहा और धमकाया ठेकेदार का ग्रामीणों को धमकाने का वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो यह मामला आज की तरह राजस्थान ही जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो यह मामला पूरे देश में पल भर में ही फैल गया । जब यह मामला स्थानीय विधायक भाटी तक पहुंचा तो उन्होंने भी ठेकेदार के व्यवहार को बिल्कुल गलत बताया और ग्रामीणों से उन्होंने खुद माफी मांगी लेकिन ग्रामीणों ने पुलिस को ठेकेदार के खिलाफ शिकायत की जिसके बाद पुलिस ने शनिवार को आरोपी भवानी सिंह को गिरफ्तार कर लिया है कहा जा रहा है कि भवानी सिंह ने भी ग्रामीणों से अपने कृत्य के लिए माफी मांगी है लेकिन जिस तरह से ग्रामीण घटिया सड़क का आरोप लगा रहे हैं तो निश्चित रूप से ठेकेदार की ओर से तैयार की गई सड़क की अब विभागीय जांच होना तय है अब सरकार इस सड़क की विभागीय जांच करवा रही है और अगर जांच में ठेकेदार दोषी पाया गया तो फिर निश्चित रूप से ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई होना भी पक्का है।

# जयपुर एवं जोधपुर शहरों के लिए कोचिंग ट्रेनों की हैंडलिंग क्षमता दोगुनी करने की दिशा में रेलवे की व्यापक योजना

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** देश में रेल यात्रियों की संख्या में निरंतर और तीव्र वृद्धि को देखते हुए भारतीय रेल द्वारा प्रमुख शहरों से संचालित होने वाली कोचिंग ट्रेनों की हैंडलिंग क्षमता बढ़ाने के लिए एक व्यापक और दीर्घकालिक योजना तैयार की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य वर्ष 2030 तक प्रमुख शहरों की कोचिंग ट्रेनों की ओरिजिनेटिंग क्षमता को वर्तमान स्तर से दोगुना करना है ताकि भविष्य की यात्री मांग को प्रभावी यात्रा की मांग में लगातार हो रही तीव्र वृद्धि को देखते हुए अगले 5 वर्षों में प्रमुख शहरों की नई ट्रेनों के संचालन की क्षमता को वर्तमान स्तर से दोगुना करना आवश्यक है। इसके लिए मौजूदा बुनियादी ढांचे को आगामी वर्षों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विस्तारित करना होगा। वर्ष 2030 तक संचालन क्षमता को दोगुना करने के कार्यों में मौजूदा टर्मिनलों को अतिरिक्त प्लेटफॉर्म स्टेबलिंग लाइन पिट लाइन और पर्याप्त शंटिंग सुविधाओं से सुसज्जित करना शहरी क्षेत्र में और उसके आसपास नए टर्मिनलों की पहचान करना और उन का निर्माण करना रखरखाव सुविधाएं जिनमें मेगा कोचिंग कॉम्प्लेक्स शामिल हैं ट्रेनों की बढ़ती संख्या को संभालने के लिए यातायात सुविधा कार्यों सिग्नलिंग उन्नयन और मल्टीट्रैकिंग के माध्यम से अनुभागीय क्षमता में वृद्धि करना। सूचीबद्ध स्टेशनों के लिए 48 प्रमुख शहरों की एक व्यापक योजना योजना निदेशालय को प्रस्तुत की जाएगी। इस योजना में निर्धारित समय सीमा के भीतर ट्रेनों की संचालन क्षमता को दोगुना करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नियोजित प्रस्तावित या पहले से स्वीकृत कार्यों का विवरण होगा। क्षमता को 2030 तक दोगुना करने की योजना है लेकिन उम्मीद है कि अगले 5 वर्षों में क्षमता में क्रमिक वृद्धि की जाएगी ताकि क्षमता वृद्धि के लाभ तुरंत प्राप्त किए जा सकें। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार जोधपुर एवं जयपुर स्टेशनों के लिए एक व्यापक क्षमता वृद्धि योजना तैयार कर प्लानिंग डायरेक्टोरेट को प्रस्तुत की जाएगी। इस योजना में पहले से स्वीकृत प्रस्तावित एवं नियोजित सभी कार्यों को शामिल किया जाएगा ताकि समयबद्ध तरीके से ट्रेनों की हैंडलिंग क्षमता दोगुनी की जा सके। जयपुर में उपनगरीय स्टेशन खातीपुरा को टर्मिनल स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है इस स्टेशन पर अनुवीक्षण सुविधाओं का विस्तार करने के क्रम में कोच केयर कॉम्पलेक्स का कार्य प्रगति पर है कोच केयर कॉम्पलेक्स का कार्य 205 रुपए की लागत के साथ प्रगति पर है। खातीपुरा स्टेशन पर कोचिंग मेंटेनेंस सुविधाओं के विस्तार का कार्य जारी है। यहाँ नई लाइने वॉशिंग पिट स्टेबलिंग लाइन और तकनीकी संसाधनों का विकास किया जा रहा है ताकि आने वाले समय में यह स्टेशन न केवल ट्रेन रखरखाव का मजबूत केंद्र बने बल्कि जयपुर जंक्शन का दबाव भी कम कर सके खातीपुरा को सैटेलाइट टर्मिनल के रूप में विकसित करने से जयपुर शहर के मुख्य स्टेशन पर भीड़भाड़ घटेगी ट्रेनों की समयबद्धता में सुधार होगा और नए रूटों के संचालन की संभावनाएँ भी बढ़ेंगी। यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ-साथ खातीपुरा टर्मिनल भविष्य में विभिन्न दूर-दराज़ मार्गों की ट्रेनों के लिए एक महत्वपूर्ण मेंटेनेंस हब का रूप ले सकता है। सभी प्रकार के रेक जैसे वंदे भारत एलएचबी डेमू के एक ही जगह मेटेनेंस के लिए कोच केयर कॉम्पेलक्स के निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जयपुर के निकट भट्टो की गली को मेगा कोचिंग टर्मिनल के रूप में विकसित करने की योजना भी प्रस्तावित है इसके प्रथम चरण के लिए लगभग 800 करोड़ रुपये की कार्ययोजना तैयार की गई है जिसमें पिट लाइन वॉशिंग लाइन स्टेबल लाइन सिक लाइन जैसी अनुरक्षण सुविधाएँ विकसित की जाएगी ताकि वन्दे भारत तथा अन्य ट्रेनों के रैंक का अनुरक्षण किया जा सकेगा इन योजनाओं के क्रियान्वयन से जयपुर स्टेशन पर बढ़ते दबाव को कम किया जा सकेगा साथ ही साथ जयपुर शहर के विस्तार को देखते हुए अधिकाधिक रेल परिवहन की सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेगी। जोधपुर शहर के लिए भविष्य गामी योजनाएं तैयार की जा रही है जिससे वहाँ पर रेल परिवहन सुगमता के साथ संचालित किया जा सके तथा वहाँ के निवासियों को बेहतर रेल सुविधाएँ प्राप्त हो सके। जोधपुर में रेल अनुरक्षण सुविधाओं का विस्तार करने के क्रम में भगत की कोठी स्टेशन पर मेंटीनेंस कम वर्कशॉप डिपो का निर्माण 167 करोड़ रुपये की लागत के साथ किया जा रहा है जिसमें टैक्नोलॉजी पार्टनर के तहत वन्दे भारत स्लीपर ट्रेनों की अनुरक्षण सुविधाएँ विकसित की जा रही है। इस कार्य के साथ ही भगत की कोठी में मेगा कोचिंग टर्मिनल का कार्य भी प्रस्तावित है जिसके लिए लगभग 500 करोड़ रुपए की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई है जिसमें अनुरक्षण सुविधाओं के विस्तार के लिए विभिन्न कार्यों को सम्मिलित किया गया है ताकि अधिकाधिक ट्रेनों का अनुरक्षण किया जा सके और क्षेत्र में अधिकाधिक रेल सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके उपरोक्त कार्यों के क्रियान्वित होने से जयपुर और जोधपुर शहर की वर्ष 2030 तक कोचिंग ट्रेनों के हैंडलिंग की क्षमता को बेहतर बनाया जा सकेगा। इन कार्यों का क्रियान्वयन तीन चरणों में होगा एवं लक्ष्य वर्ष 2030 निर्धारित किया गया है परंतु अगले पाँच वर्षों में क्षमता को क्रमिक रूप से बढ़ाया जाएगा जिससे यात्रियों को इसके लाभ तत्काल मिल सकें। योजना के अंतर्गत सभी कार्यों को तत्काल अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाएगा यह योजना भविष्य की यात्री आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेल को अधिक सक्षम सुगम एवं विश्वसनीय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ की ओर से ख्वाजा की दरगाह पर चादर पेश



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के अध्यक्ष एवं सांसद मदन राठौड़ की ओर से हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला आले के 814 उर्स के मुबारक मौके पर मुनव्वर खान पूर्व उपाध्यक्ष अजमेर दरगाह कमेटी ने चादर पेश की और मुल्क में और राजस्थान में अमन चैन भाईचारे के लिए दुआ की चादर सैयद अफशान चिश्ती की वकालत में पेश की साथ में हाजी मोहम्मद रफी, बैतुल्लाह नदीम सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे मदन राठौड़ ने अपने संदेश में कहा है कि ख्वाजा साहब प्रेम भाईचारा सद्भाव और दया भाव के प्रतीक थे ख्वाजा साहब ने अपने विचारों अपने जीवन मूल्यों और सिद्धांतों से मानव जाति में आपस में सद्भाव और एकता कायम करने का प्रयास किया उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि ख्वाजा साहब की दरगाह पर उर्स के मौके पर खुशी-खुशी देश और विदेश के कोने-कोने से लोग यहां आ रहे हैं राठौर ने कहा कि ख्वाजा साहब की दरगाह देश और दुनिया में करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है उन्होंने लोगों से अपने संदेश में अपील की और कहा कि ख्वाजा साहब के विचारों और उनके जीवन मूल्यों से सीख लेकर समाज को देश के विकास और कल्याण में अपनी अग्रणी भूमिका अदा करें तथा देश में आपस में भाईचारा और प्रेम सद्भाव का वातावरण बनाए रखने में अपना असीम सहयोग करे ।

## भगवान माने जाने वाले डॉक्टर के दो ग्रुप ने एक दूसरे पर लाठियां भांजी, ट्रॉमा सेंटर के बाहर आपस में भिड़े

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** समाज में डॉक्टरों को भगवान का दर्जा मिला हुआ है लेकिन भगवान माने जा रहे डॉक्टर ही जब बड़े-बड़े गुंडे बदमाशों की तरह सरेआम लाठियां चलाईं तो फिर उनके नैतिक आचरण पर भी सवाल खड़े होना लाजमी है भगवान माने जाने वाले डॉक्टरों का यह विकराल स्वरूप भीलवाड़ा में देखने को मिला जब भीलवाड़ा के सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षण ले रहे डॉक्टर के दो ग्रुप के बीच खाने को लेकर आपस में विवाद पैदा हो गया और बातों ही बातों में यह विवाद इतना गर्म हो गया कि डॉक्टर के दो ग्रुप ट्रॉमा सेंटर के बाहर आपस में भीड़ गए डॉक्टर के दोनों ग्रुप से जुड़े लोगों ने एक दूसरे पर लाठियां चलाई जिसकी वजह से वहां मौजूद लोगों में खलबली मच गई ।डॉक्टरों की इस लड़ाई को देखकर लोग इधर-उधर दुबक गए और दूर से डॉक्टरों की लड़ाई को काफी देर तक अपनी आंखों से देखते रहे लोगों में चर्चा होती रहेगी यह डॉक्टर हैं या फिर गुंडे बदमाश जो इस तरह से एक दूसरे पर लाठियां चला रहे हैं जानकारी के अनुसार विवाद उस समय पैदा हुआ जब मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षण ले रहे डॉक्टर खाने के लिए लाइन लगाए हुए थे लेकिन लाइन में खड़े होने को लेकर ही डॉक्टर के बीच आपस में कहा सुनी हो गई और यह कहा सुनी थोड़ी ही देर में काफी गर्म हो गई देखते ही देखते वहां डॉक्टर के दो ग्रुप बन गए और फिर एक दूसरे को गाली गलौज करते हुए हमले करने लगे हमले के दौरान डॉक्टर के हाथों में डंडे और लाठियां थी और जमकर मौके पर लहरा रहे थे जिन्हें देखकर वहां मौजूद लोग भी घबरा गए। डॉक्टर के दो ग्रुप के आपस की इस लड़ाई का दृश्य किसी ने अपने मोबाइल से वीडियो तैयार किया और फिर उसे सोशल मीडिया में अपलोड कर दिया जिसकी वजह से यह मामला देखते ही देखते भीलवाड़ा से निकलकर देश के कोने-कोने तक पहुंच गया। हालांकि खबर लेकर जाने तक इस मामले में पुलिस में किसी ने भी रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई थी और कॉलेज प्रशासन की ओर से भी मामले में किसी भी तरह का कोई एक्शन नहीं लिया गया लेकिन जिस तरह से वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है उसके बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन पर कार्रवाई करने का प्रेशर जरूर बन गया है अब देखने वाली बात यह है कि मेडिकल कॉलेज प्रशासन इस मामले को किस तरह से लेता है कहा जा रहा है कि मेडिकल प्रशासन की ओर से झगड़े में शामिल डॉक्टर को नोटिस देने की तैयारी की जा रही है झगड़े में शामिल डॉक्टर को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है और कहीं ना कहीं झगड़े में शामिल सभी डॉक्टरों को कॉलेज प्रशासन की ओर से सख्त नोटिस भी दिया जा सकता है ।

## सेंट्रल जेल में दो लावारिस पैकेट: गार्ड ने कैदियों को दिए पैकेट

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** जयपुर की सेंट्रल जेल में कैदी और गार्ड के बीच आपस में दोस्ती होने का खुलासा हुआ है इसलिए कहा जा सकता है कि जिस तरह से सेंट्रल जेल में मोबाइल फोन सिम इत्यादि प्रतिबंधित चीज मिलती रही हैं वह कहीं ना कहीं जेल प्रशासन से जुड़े लोगों की मिली भगत से ही कैदियों तक पहुंचती है। जानकारी के अनुसार सेंट्रल जेल में खिड़की नंबर 5 और कोटडी नंबर 29 से 32 के बीच दो लावारिस पैकेट थे इन पैकेट को गणपत नाम के होमगार्ड ने कैदी हिमांशु और दिनेश को देते हुए पकड़ा गया जेल प्रशासन की ओर से कैदी हिमांशु दिनेश और होमगार्ड गणपति के खिलाफ मामला दर्ज करवा दिया गया है । लाल कोठी थाना पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है उल्लेखनीय है कि जयपुर की सेंट्रल जेल ही नहीं बल्कि प्रदेश भर की जेल में कैदियों के पास मोबाइल फोन सिम और प्रतिबंधित चीज अब से नहीं बल्कि कई सालों से लगातार मिलती रही है प्रदेश भर की जेल में जेल प्रशासन की ओर से जब-जब जेल की विभिन्न बैरक में तलाशी ली जाती है तब तब कहीं ना कहीं किसी न किसी कोटडी में या फिर जेल परिसर में जमीन में गड़े हुए मोबाइल फोन सिम और प्रतिबंधित चीज मिल ही जाती है अब जिस तरह से जयपुर की ही सेंट्रल जेल में होमगार्ड गणपत ने लावारिस पैकेट उठा और फिर यह पैकेट दो कैदियों तक पहुंचा दिया इसका साफ मतलब है की जेल में जेल प्रशासन से जुड़े कई लोग अपनी ड्यूटी को ठीक तरह से अंजाम नहीं दे रहे जिसकी वजह से कैदियों के पास प्रतिबंधित चीज आसानी से पहुंच जाती है। हालांकि प्रदेश की छोटी बड़ी सभी जेल में वर्जित चीज मिलने का सिलसिला गत कई सालों से निरंतर बना हुआ है जेल प्रशासन की ओर से कई तरह के सुरक्षा के मजबूत प्रबंध किए गए सुरक्षा के लिए कई तरह के नवाचार किए गए इसके बावजूद भी जेल प्रशासन की ओर से समय-समय पर जेल परिसर में जब सगन जांच पड़ताल और सघन तलाशी अभियान शुरू किया जाता है तो कैदियों के पास मोबाइल फोन सिम इत्यादि मिल जाते हैं ।यह समस्या अकेले जयपुर की सेंट्रल जेल या जयपुर जेल की नहीं है बल्कि प्रदेश की सभी जिलों में इस तरह की घटनाएं अक्सर देखने को मिलती है हालांकि जेल प्रशासन से जुड़े बड़े अधिकारी भी खुले में इस बात को स्वीकार नहीं करें कि जेल प्रशासन और कैदियों के बीच मिली भगत नहीं होती लेकिन जेल प्रशासन से जुड़े बड़े अधिकारी भी मन से यह जरूर मानते हैं कि कहीं ना कहीं जेल प्रशासन से जुड़े कुछ लोग अपनी ड्यूटी और फर्ज को ईमानदारी से नहीं निभाते और पैसों के लालच में कैदियों से दोस्ती करके उनकी फरमाइश पूरी करते रहते हैं उनके अवैध कार्यों में सहयोग जरूर करते हैं इसीलिए जेल में प्रतिबंधित चीज कैदियों के पास मिल जाती हैं कई बार जब कैदियों को पेशी के लिए कोर्ट से जेल लाया और ले जाया जाता है रास्ते में कैदियों के परिजन मित्र दोस्त इत्यादि कैदियों के साथ मौजूद होमगार्ड से दोस्ती करके उन्हें प्रतिबंधित चीज दे देते हैं जो बाद में चुपके से जेल में जाने के बाद कैदियों तक पहुंचा देते हैं ।

## श्रीराम कथा में राम-हनुमान मिलन और सुग्रीव मैत्री का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के कंदोई बगीची में कंदोई परिवार की ओर से आयोजित श्रीराम कथा के सप्तम दिवस शनिवार को कथा स्थल भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में कथावाचक आचार्य पं. बालकृष्ण कौशिक ने राम-हनुमान मिलन व सुग्रीव मैत्री के प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण, प्रेरणादायी और जीवंत वर्णन किया। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे रहे। आचार्य कौशिक ने बताया कि माता सीता की खोज में वन-वन भटकते हुए श्रीराम और लक्ष्मण का प्रथम मिलन परम भक्त हनुमानजी से होता है। यह मिलन भक्ति और विश्वास का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हनुमानजी का श्रीराम के प्रति समर्पण, विनम्रता और सेवा भाव मानव जीवन के लिए आदर्श है। कथा में आगे सुग्रीव मैत्री का विस्तार से वर्णन करते हुए आचार्य ने कहा कि श्रीराम ने निष्काम भाव से सुग्रीव की सहायता कर उसे बाली के अत्याचार से मुक्त कराया और किष्किंधा का राजा बनाया। बदले में सुग्रीव ने माता सीता की खोज में संपूर्ण वानर सेना के साथ श्रीराम का साथ देने का संकल्प लिया। यह प्रसंग मित्रता, धर्म, विश्वास और कर्तव्यबोध की श्रेष्ठ मिसाल प्रस्तुत करता है।

## कांग्रेसियों ने प्रदेश भर में मचाया बवालः कई जगह पुलिस से भी भिड़े

### अरावली बचाओ अभियान को लेकर कांग्रेस का सभी जिलों में प्रदर्शन, दोसा में डाक बंगले के गेट को लातों से तोड़ने का प्रयास

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश कांग्रेस की ओर से शनिवार को अरावली बचाओ अभियान के तहत प्रदेश के सभी जिलों में रैली निकाल कर प्रदर्शन किया गया। जानकारी के अनुसार दोसा में सांसद मुरारी लाल मीणा पूर्व मंत्री प्रसादी लाल मीणा और कांग्रेस पार्टी के संगठन से जुड़े लोगों और जनप्रतिनिधियों की ओर से एक बड़ी रैली दोसा शहर में आयोजित की गई । रैली दोसा शहर के कई इलाकों से होते हुए गुजरी इस दौरान रैली जब डाक बंगले तक पहुंची तो वहां पर मीटिंग हॉल के दरवाजे पर ताला देखकर कांग्रेस जन गुस्से में हो गए और कांग्रेस जनों ने लात मार कर दरवाजे को तोड़ने का प्रयास किया। इसके अलावा मीटिंग हॉल में कुर्सियां नहीं होने पर भी कांग्रेस जनों ने वहां बवाल मचा दिया जमकर नारेबाजी की बाद में अधिकारियों के समझाने पर कांग्रेस जनता गुस्सा शांत हुआ । इसी तरह से अजमेर में भी अजमेर शहर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष की ओर से रैली का आयोजन किया गया रैली में डीजे बजाते हुए जब रैली सिविल लाइन थाने इलाके से निकली तो सिविल लाइन थाने के इंस्पेक्टर शंभू सिंह ने डीजे पर आपत्ति जताई और कहा कि यह नियम और सिद्धांतों के खिलाफ है डीजे बंद किया जाना चाहिए लेकिन शहर कांग्रेस के नेता नहीं माने और पुलिस अधिकारियों से बहस करने लगे काफी देर तक पुलिस और कांग्रेस नेताओं के बीच आपस में बहस होती रही और कांग्रेस की यह रैली डीजे की गाड़ी के साथ ही आगे बढ़ गई कांग्रेस कि इस रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों ने हिस्सा लिया जिसमें पार्टी के मौजूदा विधायक पूर्व विधायक और संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेता शामिल थे यह रैली अजमेर शहर के कई इलाकों को कर किया । इसी तरह से पाली में भी कांग्रेस भवन के सामने से कांग्रेस जनों ने रैली का शुभारंभ किया और पाली शहर के जिलाधीश कार्यालय प्रमुख चौराहा इत्यादि इलाकों से होकर कांग्रेसियों ने इस रैली का आयोजन किया। प्रदेश के कोटा, भीलवाड़ा ,चित्तौड़गढ़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, भरतपुर, अलवर, करौली, धौलपुर ,बांसवाड़ा, डूंगरपुर, राजसमंद, प्रतापगढ, बीकानेर,कोटा, बूंदी, झालावाड़ ,,बारा, जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, सवाई माधोपुर, टोंक, सीकर, चुरु, झुन्झनू ,कोटपूतली, बहरोड, शाहपुरा, नीमकाथाना, नागौर इत्यादि सभी जिलों में कांग्रेस पार्टी की ओर से अरावली बचाओ अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया।

# अरावली पर्वतमाला को लेकर नया कानून लाया जाए,मनरेगा का नाम बदलने के पीछे गहरी साजिशः कांग्रेस की डिमांड

### 6 महीने पहले प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजी खनन शुरू करने के लिए रिश्वत मांगने की शिकायत पर आज तक कार्रवाई नहीं हुई : प्रतिपक्ष के नेता का आरोप

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** अरावली पहाड़ियों के संरक्षण और मनरेगा का नाम और इस योजना का स्वरूप बदलने के विरोध में कांग्रेस पार्टी की ओर से अलवर में भी विशाल प्रदर्शन किया गया कटी घाटी से मिनी सचिवालय तक कांग्रेस पार्टी के नेताओं की ओर से पैदल मार्च का आयोजन किया गया। मिनी सचिवालय पहुंचने पर प्रदर्शनकारी कांग्रेस जन बैरिकेट्स पर चढ़ गए जिन्हें हटाने के लिए पुलिस ने हल्का बल का प्रयोग किया इस दौरान कांग्रेसियों और पुलिस के बीच हल्की आपस में झड़प भी हुई बाद में कांग्रेस पार्टी के नेताओं के प्रतिनिधि मंडल ने जिला प्रशासन से जुड़े अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सोपा । इस प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली, एआईसीसी महासचिव भंवर जीतेन्द्र सिंह एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली कांग्रेस विधायक रफीक खान और बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के संगठन से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान युवाओं और आदिवासी महिलाओं ने गीतों और नृत्यों के माध्यम से अरावली बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रपति के नाम एडीएम प्रथम मुकेश कायथवल को ज्ञापन सौंपा गया। पैदल मार्च का शुभारंभ भर्तृहरि बाबा के जयकारों के साथ करते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सीधे तौर पर सरकार को कठघरे में खड़ा किया। जूली नेकहा कि 6 माह पहले प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत की गई थी कि खनन माफिया 5 करोड़ की रिश्वत मांग रहे हैं। यही शिकायत सीबीआई सीआईडी और एसीबी को भी दी गई लेकिन 5 माह बीत जाने के बाद भी जांच तक शुरू नहीं हुई। यह स्पष्ट करता है कि सरकार खनन माफियाओं को संरक्षण दे रही है।

### काले कानून के खिलाफ हर संभव लड़ाईः भंवर जितेंद्र सिंह

पूर्व केंद्रीय मंत्री और एआईसीसी महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि जिस तरह किसानों के खिलाफ लाए गए तीन काले कानूनों को वापस लेना पड़ा था उसी तरह अरावली के इस काले कानून को भी जनहित में वापस लेना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्येक वर्ग और सामाजिक संस्थाओं को साथ लेकर निष्पक्ष तौर पर इस आंदोलन को तब तक जारी रखेगी जब तक सरकार घुटनों के बल नहीं आ जाती।

### बीजेपी नेताओं के धंधे के लिए जनता की जान खतरे मेंः डोटासरा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने खनन माफिया का नाश का नारा देते हुए भाजपा सरकार पर कड़ा प्रहार किया। डोटासरा ने कहा किभाजपा के नेताओं के निजी व्यापार और धंधे के लिए आम जनता की जीवन रेखा को खतरे में नहीं डाला जा सकता। सरकार पहले कह सी टी एच और अब अरावली को टारगेट कर रही है। यह गूंगीबहरी और निकम्मीसरकार के खिलाफ सिर्फ शुरुआत है अंजाम अभी बाकी है। डोटासरा ने कहा कि केंद्र सरकार ने एक साजिश के तहत मनरेगा का नाम और इस योजना का स्वरूप बदल दिया है जिसकी वजह से ग्रामीण लोगों के साथ सरकार ने अन्याय किया है डोटासरा ने कहा कि अरावली पर्वत माला के संरक्षण और प्रदेश में वनों की सुरक्षा के लिए नया कानून लाया जाए सांस्कृतिक प्रतिरोध और जनभागीदारी :पैदल मार्च के दौरान अरावली के प्रति प्रेम और सरकार के प्रति आक्रोश का अनूठा संगम देखने को मिला। ' अरावली हमें बचानी है के नारों पर युवा थिरकते नजर आए तो वहीं आदिवासी महिलाओं ने मीणावाटी गानों पर नृत्य कर अपना विरोध दर्ज कराया। कई युवाओं ने अपने माथे पर अरावली बचाओकी पेंटिंग बनाकर इस मुहिम को अपना समर्थन दिया।

## सम्पादकीय

### क्रिसमस के दिन नफरत का शोर, भारत की खूबसूरती पर हमला



दुनिया भर में भारत को विविधताओं से भरी सांस्कृतिक छवियों वाले एक ऐसे देश के रूप में देखा-जाना जाता है, जहां अलग-अलग धर्मों के लोग आपसी सद्भाव के साथ रहते और एक-दूसरे के त्योहारों में शामिल होते आए हैं। मगर हाल के वर्षों में कुछ खास त्योहारों के ठीक पहले जिस तरह द्वेष का माहौल पैदा करने की कोशिश की जाने लगी है, वह न केवल देश में सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की कोशिश है, बल्कि मानवीय तकाजों के भी विरुद्ध है। क्रिसमस को ईसाई धर्म से जुड़े लोगों का त्योहार माना जाता है, लेकिन इसमें आमतौर पर देश में सभी धर्मों के लोग उत्साह के साथ शामिल होते रहे हैं। विडंबना यह है कि अब कुछ असामाजिक तत्त्व क्रिसमस के मौके पर देश के ईसाई समुदाय के लोगों को निशाना बनाने लगे हैं और इसका सीधा नुकसान देश की छवि को हो रहा है। गौरतलब है कि इस वर्ष फिर क्रिसमस के मौके पर छत्तीसगढ़ और असम सहित कुछ राज्यों में ईसाई समुदाय के प्रार्थना स्थलों और अन्य जगहों पर दक्षिणपंथी समूहों ने हमला किया और बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ मचाई। सवाल है कि वे कौन लोग हैं, जो सद्भाव के माहौल में नफरत घोलना चाहते हैं और उन्हें देश के अल्पसंख्यक या अन्य समुदायों के पर्व-त्योहार से परेशानी होने लगी है। क्या मानवीयता के मूल्यों को अपनी आस्था का सबसे अहम पक्ष मानने वाला कोई भी व्यक्ति किसी अन्य समुदाय के त्योहार से इस कदर दुश्मनी रख सकता है? सद्भाव या सौहार्द के साथ किसी धार्मिक उत्सव को मनाए जाने से किसे दिक्कत हो सकती है? केवल निराधार आरोपों का हवाला देकर किसी ऐसे त्योहार पर अराजकता फैलाने का क्या मकसद हो सकता है, जिसमें देश के सभी धर्मों के लोग या तो सहज रहते हैं या फिर उसमें शामिल होते हैं? कथित धर्म परिवर्तन के आरोप अगर लगाए भी जाते हैं, तो इस मसले पर सरकार और प्रशासन अपना काम करेंगे या कुछ अराजक और असामाजिक तत्त्वों को अपनी ओर से हिंसा करने की छूट मिल जाती है? किसी समुदाय के भीतर डर पैदा करके किस तरह से धर्म की सेवा की जा सकती है? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि किसी भी बहाने से अन्य धार्मिक समूहों के खिलाफ हिंसा करना या तोड़फोड़ मचाना वास्तव में अपने ही देश की सांस्कृतिक छवि को नकारात्मक बनाना है। अगर इस तरह की प्रवृत्तियों को तुरंत नहीं रोका गया, तो इससे आपसी सद्भाव का माहौल बिगड़ने की आशंका पैदा होगी। इतना तय है कि देश के संविधान का सम्मान करने वाली सरकारें और ज्यादातर संवेदनशील लोग धर्म के नाम पर टकराव तथा तनाव पैदा करने की कोशिशों का समर्थन नहीं करते। यही वजह है कि कई जगहों पर क्रिसमस पर उत्पात मचाने वालों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया। यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि किसी भी पर्व-त्योहार के मौके पर सांप्रदायिकता फैलाने वाले तत्त्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। विचित्र यह भी है कि क्रिसमस के मौके पर एक ओर खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईसाई समुदाय के साथ मेलजोल, शांति और सद्भाव का संदेश दे रहे थे, तो दूसरी ओर कुछ असामाजिक तत्त्व तोड़फोड़ और अराजकता फैलाने में लगे थे।

## धूमधाम से मनाई गुरु गोविंद सिंह की जयंती

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा के आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। उनके तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर माला पहना करके पूजा अर्चना की गई। जयंती के उपलक्ष में मुख्य वक्ता मधुसूदन शर्मा दंडोतिया रहे जिन्होंने उनकी कार्य शैली व चरित्र पर प्रकाश डाला। इस दौरान विजेंद्र कुमार, गणेश कुमार, रामबिरज शर्मा, सूरज, अशोक कुमार, माखन सिंह, ज्ञान सिंह परमार व आचार्य बहिन नीलम रागिनी श्रीवास्तव, क्षमा शर्मा, रुचि शर्मा, अर्चना सिंह, सुनीता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सुबोध स्कूल की छात्रा मेधावी छात्रा पियूष व शिवानी का पद्माक्षी पुरस्कार के लिए चयन

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** नवलगढ़ के सुबोध स्कूल की मेधावी छात्रा पियूष कुमारी पुत्री रोहिताश कुमार व शिवानी पुत्री पवन कुमार का पद्माक्षी पुरस्कार के लिए चयन हुआ है। पद्माक्षी पुरस्कार राज्य सरकार की ओर से जिले में अपनी कैटेगरी में टॉप करने वाली छात्रा को छात्रवृत्ति के रूप में दिया जाता है। विद्यालय की दोनों छात्राओं को ?75000 की नगद राशि व प्रमाण पत्र राज्य सरकार की ओर से दिए जाएंगे। निदेशक सुशील कुमार मील ने बताया कि विद्यालय की छात्रा पीयूष कुमारी ने बोर्ड परीक्षा 2025 में कला संकाय में 98.60 ' अंक के साथ जिले में द्वितीय स्थान पर रही है। इस अवसर पर दोनों ही छात्राओं का सम्मान किया गया व अभिभावकों को बधाई प्रेषित की। पूर्व में भी अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थी ने नवलगढ़ व ज़िले का नाम गोरवान्वित किया। इस मौके पर विद्यालय एमडी सुमित कुमार मील, सुप्रिया मील, भगवानाराम सैनी, प्रदीप जोरासिया, ओमप्रकाश गढ़वाल, सुनील सैनी, कैलाश सैनी, विजय, प्रदीप बिजला, अन्य स्टाफ साथी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## महाकवि सम्मेलन आयोजित

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में युवक संघ के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय रायचन्द कुण्डलिया की जन्म शताब्दी वर्ष पर आयोजित विराट कवि सम्मेलन का आयोजन युवक संघ राजलदेसर की ओर से आयोजित किया गया। रात्री में माली सैनी समाज गेस्ट हाउस में शुरू हुए कार्यक्रम में गौरव शर्मा, गोविन्द राठी, हरीश हिन्दूस्तानी, राजकुमार बादल, योगेन्द्र शर्मा, पद्ममणी शर्मा ने अपनी प्रस्तुति दी। काव्य प्रेमीयो ने सम्मेलन का हास्यप्रद लुत्फ उठाया। युवक संघ की ओर से संस्थापक सदस्य रायचन्द कुण्डलिया का प्रशस्ति-पत्र वाचन कर उनके पुत्र समाजसेवी प्रदीप कुण्डलिया को भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुण्डलिया परिवार के साथ कस्बे के कई लोग उपस्थित रहे।



# खौफनाक नारेबाजी पर सख्ती जरूरी

*काउंसिल के नेता नदीम खान ने भी प्रतिबंधात्मक आदेशों के बावजूद इस्लामिया इंटर कालेज की ओर कूच करने के लिए लोगों को उकसाया। लगभग पांच सौ लोग उनके घर पर इकट्ठा हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की, जिसमें इस्लाम के नबी के अपमान से जुड़ा विवादास्पद नारा भी शामिल था। सार्वजनिक व्यवस्था में गतिरोध पैदा करने के लिए नागरिकों को उकसाना राष्ट्र के सामाजिक ताने-बाने को खतरे में डालता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का यह अर्थ नहीं कि इससे लोगों को कानून को चुनौती देने और दूसरों के प्रति हिंसा एवं उन्हें गंभीर चोट पहुंचाने का लाइसेंस मिल जाता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार ऐसी नारेबाजी के आरोपितों से स्पष्ट होता है कि भारतीय कानून एवं व्यवस्था के प्रति उनके मन में कोई सम्मान नहीं। ऐसा इसलिए, क्योंकि यदि किसी धर्म, पंथ या मजहब के आराध्य का अपमान होता है तो यह भारतीय न्याय संहिता यानी बीएनएस की धारा 152 और अन्य धाराओं के अंतर्गत दंडनीय है। जबकि किसी भी धर्म या ईश्वर के प्रति निंदात्मक कृत्य (ब्लासफेमी) बीएनएस की धारा 299 और 196 के तहत दंडनीय अपराध है। बीएनएस का अध्याय 16 बहुत व्यापक स्वरूप लिए हुए है और इसमें धर्म-पंथ से संबंधित लगभग सभी अपराधों का समावेश किया गया है। जैसे किसी वर्ग के धर्म का अपमान करने के उद्देश्य से उपासना-*



देश में समय-समय पर राजद्रोह कानून को लेकर चर्चा होती रहती है। स्वतंत्रता के बाद पहली बार राजद्रोह कानून का प्रयोग ऐसे उकसावे वाली नारेबाजी के मामले में किया गया, जो अंततः राज्य की सत्ता को चुनौती देते हैं। इसी संदर्भ में बीते दिनों इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अरुण कुमार देशवाल का एक निर्णय चर्चा के केंद्र में है। न्यायमूर्ति यादव ने 'गुस्ताख-ए-नबी की एक ही सजा, सर तन से जुदा' जैसे नारे को लेकर कहा कि यह लोगों को हिंसक विद्रोह के लिए भड़काने की मंशा से जुड़ा है, जो भारत की संप्रुभता को सीधी चुनौती देता है, इसलिए इस पर राजद्रोह का आरोप लगाना उचित ही है।

यह मामला बरेली में इस साल 26 सितंबर की एक घटना से जुड़ा हुआ है। आल इंडिया इत्तेफाक मिन्नत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौसीफ रजा ने उस दिन जुमे की नमाज के बाद शहर के इस्लामिया इंटर कालेज में एक कार्यक्रम आयोजित किया। उसमें मुस्लिम युवाओं के खिलाफ कथित अत्याचारों और झूठे मामलों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। पुलिस ने आयोजकों को सूचित किया कि इस प्रकार का कार्यक्रम भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता यानी बीएनएसएस, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधित है। प्रशासन के इस हस्तक्षेप से उत्तेजित भीड़ ने पत्थरबाजी, फायरिंग से लेकर पेट्रोल बम तक फेंकने शुरू कर दिए। उसमें कई पुलिसकर्मी घायल हुए और सार्वजनिक तथा निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचा। इस दौरान उत्तेजित भीड़ 'गुस्ताख-ए-नबी की एक ही सजा, सर तन से जुदा' का नारा भी लगाती रही। काउंसिल के नेता नदीम खान ने भी प्रतिबंधात्मक आदेशों के बावजूद इस्लामिया इंटर कालेज की ओर कूच करने के लिए लोगों को उकसाया। लगभग पांच सौ लोग उनके घर पर इकट्ठा हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की, जिसमें इस्लाम के नबी के अपमान से जुड़ा विवादास्पद नारा भी शामिल था। सार्वजनिक व्यवस्था में गतिरोध पैदा करने के लिए नागरिकों को उकसाना राष्ट्र के सामाजिक ताने-बाने को खतरे में डालता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का यह अर्थ नहीं कि इससे लोगों को कानून को चुनौती देने और दूसरों के प्रति हिंसा एवं उन्हें गंभीर चोट पहुंचाने का लाइसेंस मिल जाता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार ऐसी नारेबाजी के आरोपितों से स्पष्ट होता है कि भारतीय कानून एवं व्यवस्था के प्रति उनके मन में कोई सम्मान नहीं। ऐसा इसलिए, क्योंकि यदि किसी धर्म, पंथ या मजहब के आराध्य का अपमान होता है तो यह भारतीय न्याय संहिता यानी बीएनएस की धारा 152 और अन्य धाराओं के अंतर्गत दंडनीय है। जबकि किसी भी धर्म या ईश्वर के प्रति निंदात्मक कृत्य (ब्लासफेमी) बीएनएस की धारा 299 और 196 के तहत दंडनीय अपराध है। बीएनएस का अध्याय 16 बहुत व्यापक स्वरूप लिए हुए है और इसमें धर्म-पंथ से संबंधित लगभग सभी अपराधों का समावेश किया गया है। जैसे किसी वर्ग के धर्म का अपमान करने के उद्देश्य से उपासना-स्थल को क्षति पहुंचाना या अपवित्र करना (धारा 298), किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के उद्देश्य से उसके धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करने वाले सुनियोजित और दुर्भावनापूर्ण कृत्य (धारा 299) एवं किसी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचाने के लिए जानबूझकर कुछ अपमानजनक शब्दों का उच्चारण आदि (धारा 302) प्रमुख हैं। धर्म या धार्मिक प्रतीकों के विरुद्ध इन अपराधों के लिए विभिन्न धाराओं के तहत तीन से पांच वर्ष तक के कारावास का प्रविधान किया गया है। 'गुस्ताख-ए-नबी...' के नारे की बात की जाए तो यह नबी के अपमान पर ऐसा करने वाले का सिर काटने का आह्वान करता है। सबको पता है कि अभी बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास के साथ क्या हुआ? यह नारा भारत और भारतीय कानूनी प्रणाली की संप्रभुता एवं अखंडता को चुनौती देता है। भारतीय संविधान सभी नागरिकों को जाति, धर्म या पंथ के बावजूद बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सहित अन्य-अनेक स्वतंत्रताएं प्रदान करता है। इसलिए, यदि कोई व्यक्ति लोगों को ऐसी सजा देने के लिए उकसाने का प्रयास करता है, जिसका आपराधिक कानूनों में कोई उल्लेख ही नहीं तो स्पष्ट रूप से वह अवैध है। उकसावे की ऐसी कोई भी कवायद या आह्वान बीएनएस की धारा 152 के तहत दंडनीय अपराध है। देखा जाए तो 'गुस्ताख-ए-नबी की एक सजा...' का कोई आधार कुरान या हदीस में नहीं मिलता है। इसकी जड़ें तो पाकिस्तान में ईशनिंदा कानून से जुड़ी हुई मिलती हैं। पाकिस्तान में एक ईसाई महिला आसिया बीबी को 2011 में ईशनिंदा कानून में दोषी ठहराया गया था। पाकिस्तानी पंजाब के तत्कालीन गवर्नर सलमान तासीर ने इसका विरोध किया तो उसे लेकर हंगामा खड़ा हो गया। उस समय मुल्ला खादिम हुसैन रिजवी की अगुआई में इकट्ठा हुई भीड़ ने पहली बार यह नारा लगाया, जो बाद में भारत सहित अन्य तमाम देशों में फैलता गया। अन्य धर्मों के लोगों को डराने, हिंसक विद्रोह के लिए उकसाने तथा राज्य की सत्ता को चुनौती देने के लिए इस नारे के दुरुपयोग की निंदा करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने गत 17 दिसंबर को अभियुक्तों को जमानत देने से इन्कार कर दिया। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी भी तरह की मनमानी स्वीकार्य नहीं हो सकती। याद रहे कि भड़काऊ, कपटपूर्ण और उकसाने वाली बातों पर प्रतिबंध ही सभ्यता की आधारशिला है।

# अल्पसंख्यक की परिभाषा तय की जाए

*2011 की जनगणना के अनुसार देश में विभिन्न धर्मावलंबियों की जनसंख्या इस प्रकार थी-हिंदू 79.8 प्रतिशत, मुसलमान 14.2, ईसाई 2.3, सिख 1.7, बौद्ध 0.7, जैन 0.4 तथा पारसी 0.006 प्रतिशत। लोकतंत्र में जनसंख्या के बल पर सरकार की नीतियों को प्रभावित किया जा सकता है और किया भी जाता है। अपनी संख्या के बल पर मुस्लिम एक समर्थ तथा प्रभावशाली समुदाय है। यह सरकार को झुक जाने को मजबूर करने में सक्षम है, यह हम शाहबानो मामले में देख चुके हैं। अल्पसंख्यक का दर्जा निर्धारण वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है। इसका परिणाम यह है कि जिन राज्यों में मुस्लिम बहुमत में हैं, जैसे लक्षद्वीप (96.58) और जम्मू-कश्मीर (68.31 प्रतिशत) वहां भी उन्हें अल्पसंख्यक का लाभ दिया जाता है। इनके अलावा छह ऐसे राज्य हैं जहां मुस्लिम आबादी राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है-असम*



अब जब जनगणना शुरू होने जा रही है, तब इस पर भी विचार होना चाहिए कि भारत में वास्तविक अल्पसंख्यक कौन है? क्योंकि सांप्रदायिकता और तुष्टीकरण का दुखद नतीजा मातृभूमि के बंटवारे में देखा जा चुका है। संविधान के अनुच्छेद 30 में अल्पसंख्यक शब्द का प्रयोग अवश्य है, पर उसमें अल्पसंख्यक की परिभाषा नहीं दी गई है। अल्पसंख्यक समुदाय का दर्जा देने का अधिकार अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 के तहत केंद्र सरकार को है। अभी छह समुदायों- मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन तथा पारसी को अल्पसंख्यक का दर्जा मिला है। इनमें यहूदी नहीं हैं। इस प्रकार अल्पसंख्यक का दर्जा देने का मानदंड क्या है, यह भी अस्पष्ट है। अल्पसंख्यक समुदायों को कई प्रकार की सुविधाएं दी जाती हैं। इनमें धार्मिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक के साथ-साथ आर्थिक सुविधाएं भी शामिल हैं। अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों में न तो शिक्षा का अधिकार कानून लागू है और न ही आरक्षण के नियम। कई ऐसे राज्य भी हैं, जहां कुछ समुदाय राज्य स्तर पर बहुसंख्यक होने के बावजूद अल्पसंख्यक योजनाओं का लाभ लेते हैं। यदि लाभ वास्तविक वंचित वर्गों तक न पहुंचकर सामाजिक या क्षेत्रीय रूप से मजबूत समुदायों तक पहुंचते हैं, तो इससे अन्य जरूरतमंद वर्गों के अवसर प्रभावित होते हैं। इसके अतिरिक्त राज्य सरकारों पर अतिरिक्त वित्तीय दबाव पड़ता है और अल्पसंख्यकवाद की राजनीति को बल मिलता है।

2011 की जनगणना के अनुसार देश में विभिन्न धर्मावलंबियों की जनसंख्या इस प्रकार थी-हिंदू 79.8 प्रतिशत, मुसलमान 14.2, ईसाई 2.3, सिख 1.7, बौद्ध 0.7, जैन 0.4 तथा पारसी 0.006 प्रतिशत। लोकतंत्र में जनसंख्या के बल पर सरकार की नीतियों को प्रभावित किया जा सकता है और किया भी जाता है। अपनी संख्या के बल पर मुस्लिम एक समर्थ तथा प्रभावशाली समुदाय है। यह सरकार को झुक जाने को मजबूर करने में सक्षम है, यह हम शाहबानो मामले में देख चुके हैं। अल्पसंख्यक का दर्जा निर्धारण वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है। इसका परिणाम यह है कि जिन राज्यों में मुस्लिम बहुमत में हैं, जैसे लक्षद्वीप (96.58) और जम्मू-कश्मीर (68.31 प्रतिशत) वहां भी उन्हें अल्पसंख्यक का लाभ दिया जाता है। इनके अलावा छह ऐसे राज्य हैं जहां मुस्लिम आबादी राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है-असम (34.22 प्रतिशत), बंगाल (27.01), केरल (26.56), उत्तर प्रदेश (19.26), बिहार (16.9) और झारखंड (14.53 प्रतिशत)। क्या बड़ी आबादी वाले राज्यों में भी मुस्लिमों को अल्पसंख्यक का दर्जा दिया जाना चाहिए? अगर जिलों की बात करें तो बिहार में ऐसे 11 जिले हैं, जहां मुसलमानों की आबादी राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। किशनगंज में 67.98, कटिहार में 44.47, अररिया में 42.95 और पूर्णिया में 38.46 प्रतिशत है। यूपी में 15 ऐसे जिले हैं, जहां मुस्लिम आबादी राष्ट्रीय औसत से ऊपर है। मुरादाबाद और रामपुर में उनकी आबादी क्रमशः 50.80 तथा 50.57 प्रतिशत है। बिजनौर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, अमरोहा (ज्योतिबा फुले नगर), बलरामपुर, बरेली, मेरठ तथा बहराइच जैसे जिलों में उनकी आबादी 30 प्रतिशत से ज्यादा है। अगर बंगाल की बात करें तो यहां 13 ऐसे जिले हैं, जहां मुसलमानों की आबादी राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। मुर्शिदाबाद तथा मालदा में वे बहुमत में हैं। यहां उनकी आबादी क्रमशः 66.27 तथा 51.27 प्रतिशत है। बिहार, उत्तर प्रदेश तथा बंगाल जैसी स्थिति देश के अन्य राज्यों में भी है। झारखंड के छह जिलों में उनकी आबादी राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है।

# संगठित अपराध के तंत्र पर लगेगी लगाम




दिल्ली में आयोजित आतंकवाद रोधी सम्मेलन में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संगठित अपराध तंत्र का जो डाटाबेस जारी किया, वह समय की मांग के अनुरूप है। इस डाटाबेस में देश में सक्रिय आतंकी संगठनों और गैंगस्टरों का कच्चा-चिट्ठा है। इसमें गुम और बरामद हथियारों का भी विवरण है। इसे इसलिए तैयार किया गया है, क्योंकि आतंकी संगठनों और माफिया सरीखे अपराधियों के गिरोहों के बीच साठगांठ बढ़ती चली जा रही है। कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जिनसे यह इंगित हुआ कि आतंकियों को किसी न किसी स्तर पर अपराधियों का सहयोग मिला। आम तौर पर आतंकी अपनी गतिविधियों को अंजाम देने में तभी सफल हो पाते हैं, जब उन्हें स्थानीय स्तर पर किसी तरह की मदद मिलती है। यह किसी से छिपा नहीं कि अब आतंकी और गैंगस्टर हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी करने लगे हैं। सीमा पार से ऐसे हथियार आ रहे हैं, जो आतंकियों के साथ बड़े अपराधियों तक भी पहुंच रहे हैं। कुछ समय पहले ऐसे एक गिरोह का भंडाफोड़ भी किया गया था, जो सीमा पार से आए हथियारों को अपराधियों तक पहुंचाता था। एनआईए की ओर से तैयार उक्त डेटाबेस सभी राज्यों की पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को उपलब्ध होगा। आशा की जा रही है कि इससे आतंकवाद और संगठित अपराध से मिलकर निपटने में सफलता मिलेगी, लेकिन उचित होगा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि ऐसा वास्तव में हो। यह इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भी है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए जो कुछ भी संभव हो, किया जाना चाहिए। एक ओर जहां आतंकियों के दुस्साहस का दमन किए जाने की सख्त जरूरत है, वहीं दूसरी ओर बड़े अपराधियों पर भी लगाम लगाने की आवश्यकता है। यह ठीक नहीं कि कुछ अपराधी जेल में रहकर भी अपनी गतिविधियां चलाते रहते हैं। ऐसा क्यों हो रहा है, इसके कारणों का पता लगाकर उनका निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। यह सही है कि केंद्र सरकार आतंकवाद का सामना करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसकी इस प्रतिबद्धता के सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं, लेकिन आतंकी खतरे को कम करने के लिए अभी बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है, क्योंकि वे अपने तौर-तरीके बदलने के साथ आधुनिक तकनीक का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। आवश्यक केवल यह नहीं कि आतंकी संगठनों और अपराधियों की टोह लेने का काम और कुशलता से किया जाए

# सलमान खान के साथ नजर आए एमएस धोनी और एपी ढिल्लो





बॉलीवुड, क्रिकेट और म्यूजिक- तीनों दुनियाओं के दिग्गज जब एक ही फ्रेम में नजर आ जाएं, तो फैंस का एक्साइटेड होना लाजमी है। कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जब हाल ही में एक थ्रोबैक तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई, जिसमें सलमान खान, महेंद्र सिंह धोनी और मशहूर सिंगर एपी ढिल्लों एक साथ नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर सलमान खान के पनवेल फार्महाउस की है और इसे उनके जीजा अतुल अग्निहोत्री ने शेयर किया है। सलमान, धोनी और एपी की थ्रोबैक तस्वीर यह खास तस्वीर सलमान खान के 60वें जन्मदिन से पहले शेयर की गई, जिसने फैंस के बीच जबरदस्त हलचल मचा दी। फोटो में तीनों सितारे पूरी तरह कीचड़ से सने हुए दिखाई दे रहे हैं, लेकिन उनके चेहरे पर मुस्कान और बॉन्डिंग साफ झलक रही है। बताया जा रहा है कि यह तस्वीर एक ऑल-टेरेन व्हीकल (ATV) राइड के बाद की है, जिसमें तीनों ने फार्महाउस में जमकर मस्ती करने के बाद एक साथ पोज दिया। तस्वीर में सलमान खान दाईं ओर खड़े नजर आते हैं, जबकि बाईं ओर भारतीय क्रिकेट के सबसे सफल कप्तानों में शुमार एमएस धोनी दिखाई देते हैं। बीच में पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के सुपरस्टार एपी ढिल्लों हैं। सलमान के कई दोस्त अब तक आ चुके नजर पनवेल स्थित सलमान खान का फार्महाउस लंबे समय से उनके करीबी दोस्तों और परिवार के लिए सुकून भरी जगह रहा है। यहां अक्सर निजी गेट-टुगेदर, बर्थडे सेलिब्रेशन और दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने की तस्वीरें सामने आती रहती हैं। हालांकि, इस बार की खासियत यह रही कि इस फ्रेम में सिनेमा, खेल और म्यूजिक- तीनों फील्ड के बड़े नाम एक साथ नजर आए। फैंस ने तस्वीर पर लुटाया प्यार अतुल अग्निहोत्री द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर की गई इस तस्वीर पर फैंस ने जमकर प्यार लुटाया। कई यूजर्स ने इन तीनों दिग्गजों को देखने के बाद कमेंट्स किए। एक यूजर ने लिखा, 'सलमान खान और एमएस धोनी एक साथ- ये फ्रेम ही इतिहास है।' वहीं दूसरे फैन ने कहा, 'कीचड़ में भी भाईजान, माही और एपी ढिल्लों सुपरस्टार ही लग रहे हैं।'

# 'मिजार्पुरः द फिल्म' की शूटिंग जोरों पर, अली फजल ने राजस्थान को कहा 'दिल से शुक्रिया'



लोकप्रिय वेब सीरीज 'मिजार्पुर' ने पहले सीजन से ही दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। यही वजह है कि दर्शकों ने इसके सारे सीजन को दिल से प्यार दिया है। जल्द ही 'मिजार्पुरः द फिल्म' दर्शकों के सामने दस्तक देगी। इसकी शूटिंग राजस्थान में चल रही है। अभिनेता अली फजल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वे अपने किरदार गुड्डू भैया के किरदार में चलते नजर आ रहे हैं। पोस्ट कर उन्होंने लिखा, "'मिजार्पुरः द फिल्म' की शूटिंग इस समय जारी है और राजस्थान का शेड्यूल चल रहा है। खास तौर पर जैसलमेर और जोधपुर के लोगों का दिल से धन्यवाद। आपने हमें बहुत प्यार और अपनापन दिया। साथ ही परिवार जैसा समझा।" उन्होंने आगे लिखा, "उन सभी होटलों का भी धन्यवाद जिन्होंने हमें घर जैसा महसूस कराया जब हम अपने घर से दूर मेहनत कर रहे थे। खम्मा घणी।" पोस्ट देखकर फैंस के मन में उत्साह की लहर दौड़ गई। वे अब इस प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि इस सीरीज के पहले सीजन ने फैंस को दीवाना बना दिया था। कालीन भैया (पंकज त्रिपाठी), गुड्डू पंडित (अली फजल) और मुन्ना त्रिपाठी (दिव्येंदु) जैसे किरदारों ने फैंस के दिलों में खास पहचान बनाई थी, जो आज भी उस तरह बरकरार है। बताया जा रहा है कि 'मिजार्पुर' फिल्म में दमदार एक्शन और गद्दी के लिए लड़ते बाहुबलियों का संसार दिखाया जाएगा। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। इसमें कालीन भैया के रूप में पंकज त्रिपाठी, गुड्डू के रूप में अली फजल और मुन्ना के रूप में दिव्येंदु शर्मा जैसे कलाकार दिखाई देंगे। वेब सीरीज 'मिजार्पुर' का पहला सीजन 16 नवंबर, 2018 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों ने खूब प्यार दिया था। सीरीज की दीवानियत को देखते हुए मेकर्स ने इसका दूसरा सीजन 23 अक्टूबर, 2020 को स्ट्रीम किया था और 5 जुलाई, 2024 को अमेजन प्राइम वीडियो पर इसका तीसरा पार्ट रिलीज किया गया था।

# 'धुरंधर' में अपने भयानक किरदार को लेकर क्या सोचते हैं अर्जुन रामपाल? खुद किया बड़ा खुलासा



आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है। यह इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में शामिल हो चुकी है। रणवीर सिंह की अदाकारी वाली इस फिल्म में अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर. माधवन जैसे दमदार कलाकार नजर आ रहे हैं। अपनी मजबूत कहानी, जबरदस्त अभिनय और बेहतरीन म्यूजिक की वजह से इसे पूरे देश में दर्शकों का प्यार मिल रहा है।'धुरंधर' में अर्जुन रामपाल की भूमिका फिल्म में अर्जुन रामपाल ने मेजर इकबाल का किरदार निभाया है, जो एक निर्दयी आईएसआई मास्टरमाइंड है। उनके इस रोल को लेकर काफी तारीफ हो रही है। प्रेजिया इंडिया से बातचीत में अर्जुन रामपाल ने बताया कि इस तरह का किरदार निभाना उनके लिए भावनात्मक रूप से काफी मुश्किल था। वह शूटिंग खत्म होते ही इस रोल से बाहर आना चाहते थे। किरदार से बाहर आना चाहते थे अर्जुन रामपाल अर्जुन रामपाल ने कहा 'मैं इस किरदार से जितनी जल्दी हो सके बाहर निकलना चाहता था। यह फिल्म करना इसलिए भी जरूरी था क्योंकि यह एक अहम कहानी पर बनी है। किसी घटना को बाहर से देखना अलग बात है, लेकिन पर्दे के पीछे क्या हुआ, उसे दिखाना ज्यादा रोमांचक होता है। शूटिंग के दौरान मुझे बहुत बुरा लगता था क्योंकि मैं अपने देश से बहुत प्यार करता हूं, लेकिन यही एक अभिनेता का काम होता है और उसे उस किरदार में पूरी तरह उतरना पड़ता है।' अगले साल रिलीज होगा सीक्वल 'धुरंधर' में भारत के स्पेशल एजेंट्स की बहादुरी दिखाई गई है। रणवीर सिंह इसमें एक निडर अंडरकवर जासूस की भूमिका में नजर आ रहे हैं। 5 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अब तक 589 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है। इस फिल्म का सीक्वल मार्च 2026 में रिलीज होगा।

# छह साल बाद टीवी पर लौटीं निया शर्मा



निया शर्मा, पूरे 6 साल बाद जी टीवी पर वापसी कर रही हैं। और यह वापसी निया शर्मा जी टीवी साल 2026 का स्वागत 'जी रिश्तों का मेला' न्यू ईयर स्पेशल के साथ कर रही हैं। अपने अनुभव को साझा करते हुए निया ने कहा, 'जी टीवी पर वापस आना मेरे लिए बहुत खास है। जब मैंने 'जमाई राजा' के साथ जी जॉइन किया था, तब मैं सिर्फ 23 साल की थी। आज 13 14 साल बाद ऐसा लग रहा है जैसे जिंदगी एक पूरा चक्कर लगाकर वापस उसी जगह आ गई हो। लोग आज भी मुझे रोशनी के नाम से जानते हैं और यही बताता है कि इस शो और इस चैनल ने मुझे कितना कुछ दिया है।'निया ने यह भी बताया कि जिस तरह से उनका स्वागत किया गया, उसने उन्हें हैरान कर दिया। जी परिवार के एक अपने सदस्य की तरह उन्हें अपनाया गया और पूरे कलाकारों के साथ करीब सात मिनट की लंबी परफॉर्मेंस करना, यह सब उनके लिए बेहद खास रहा। निया ने आगे कहा,'किसी भी इंसान के लिए सम्मान सबसे जरूरी होता है और जी ने मुझे वही एहसास दिया। बिल्कुल परिवार जैसा। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इतने सालों बाद भी मुझे इतना प्यार मिलेगा। इन शोज ने हमें हमारी पहचान दी है और इतनी कम उम्र में मुझ पर भरोसा करने के लिए मैं हमेशा जी की आभारी रहूंगी। 'जी रिश्तों का मेला' न्यू ईयर स्पेशल में निया सिर्फ एक परफॉर्मेंस तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि वो जी परिवार के साथ मिलकर एक बड़े म्यूज़िकल सेलिब्रेशन का हिस्सा बनेंगी। यह शाम जी टीवी के पुराने फेस्टिव जश्नों की याद दिलाएगी। निया ने बताया कि इस खास शाम में मस्ती भरी परफॉर्मेंस, पुराने चेहरों की मुलाकात, हंसी मजाक और कई ऐसे पल होंगे, जो दर्शकों को लंबे समय तक याद रहेंगे।

# नया साल-नई शुरुआत, एक्टर्स ने अपने 2026 के संकल्प बताए







कलर्स के 'मन्नत हर खुशी पाने की' की आयशा सिंह ने बताया, 'जैसे कि हम 2025 को अलविदा कह रहे हैं, शुक्रगुजार होने के लिए बहुत कुछ है। मुझे लगता है कि हम सभी को अपने लिए समय देना चाहिए और अपनी फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर ध्यान देना चाहिए। उम्मीद है कि 2026 में हम जिंदगी की छोटी-छोटी खुशियों को अपनाएंगे और बड़ी पिक्चर पर भी फोकस रखेंगे। मैं सभी को नए साल की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती हूं।कलर्स के 'मंगल लक्ष्मी' में मंगल का किरदार निभाने वाली दीपिका सिंह ने बताया, 'यह साल मेरी जिंदगी का एक असली टर्निंग पॉइंट जैसा लगता है, जिसमें ऐसे पल आए जिन्हें मैं हमेशा याद रखूंगी। जॉर्जिया में शूटिंग ने दर्शकों के लिए मंगल के किरदार को निभाने में एक नया आयाम जोड़ा। फराह खान मैम के साथ स्क्रीन शेयर करना एक और यादगार पल था; उनके साथ काम करने से मुझे अपने काम में नई सोच और प्रेरणा मिली। जैसे ही मैं नए साल में कदम रख रही हूं, मैं संतुष्टि और आत्मविश्वास के साथ ऐसा कर रही हूं, यह जानते हुए कि दर्शक और फैंस मेरे साथ हैं। मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि 'मंगल लक्ष्मी' आगे कहाँ जाती है और दर्शक उसकी यात्रा को कैसे देखते रहते हैं। वर्तमान पल का आनंद लें, एक-दूसरे का ख्याल रखें, और परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएं। माफ करें, भूल जाएं, और आगे बढ़ें - यही मेरा मंत्र है। सभी को खुशी, तरक्की और यादगार पलों से भरे साल की शुभकामनाएं।ह्व कलर्स के 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' की ईशा सिंह कहती हैं, 'साल का अंत मेरे लिए हर मायने में कलरफुल रहा है। 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' और 'नागिन 7' का हिस्सा होने से यह पक्का हो गया है कि मैं साल का अंत शानदार तरीके से कर रही हूं। 'लाफ्टर शेफ्स' की शूटिंग मेरे हफ्ते का सबसे खास हिस्सा है। सेट पर एनर्जी बहुत जबरदस्त होती है - पूरी टीम इतना जोश लाती है कि हर शूट पर हंसी की थेरेपी जैसा लगता है। जो बात मुझे सबसे ज्यादा हैरान करती है, वह यह है कि मैं खुद कुकिंग को कितना एन्जॉय कर रही हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं नए साल में डिशेज बनाते हुए, कुक-ऑफ का सामना करते हुए और इतने जोश के साथ चुनौती को अपनाते हुए आगे बढ़ूंगी। दर्शकों का प्यार बहुत ज्यादा और मोटिवेट करने वाला रहा है, और यह मुझे अपना बेस्ट देने के लिए प्रेरित करता है। मैं 2026 के कुक-ऑफ में हिस्सा लेने और 'डिनर-टेनमेंट' का अपना वर्जन पेश करने के लिए उत्साहित हूं। जैसे ही साल बदलेगा, मेरी उम्मीद है कि जिन लोगों का समय मुश्किल रहा है, उन्हें आने वाले दिनों में शांति, खुशी और एक नई शुरुआत मिले।'

# 'रिश्तों का मेला' को होस्ट करना मेरे लिए सच में बहुत खास था



जी रिश्तों का मेला एक बार फिर लौट आया है और इस बार जी कुटुंब 2026 का स्वागत बेहद भव्य और खास अंदाज में करने के लिए पूरी तरह तैयार है। न्यू ईयर स्पेशल में जी टीवी के वो किरदार एक साथ नजर आएंगे, जिन्हें दर्शक सालों से पसंद करते आए हैं। ये शाम मनोरंजन, अपनापन और ढेर सारी खुशियां लेकर आएगी। 31 दिसंबर को ऑन एयर होने वाला 'जी रिश्तों का मेला : न्यू ईयर स्पेशल' मस्ती, म्यूज़िक और यादगार पलों से सजा एक शानदार सेलिब्रेशन साबित होगाइस पूरे सेलिब्रेशन को और खास बनाती हैं श्रद्धा आर्य, जो इस न्यू ईयर स्पेशल को जय भानुशाली के साथ होस्ट करती नजर आएंगी। कुंडली भाग्य में प्रीता के अपने यादगार किरदार के लिए घर-घर में पहचानी जाने वाली श्रद्धा आज भी दर्शकों के दिलों में एक खास जगह रखती हैं।अपने अनुभव साझा करते हुए श्रद्धा आर्य कहती हैं, 'एक मां होने की जिम्मेदारी निभाने और शूटिंग के बीच बैलेंस बनाना मेरे लिए एक खूबसूरत सीख रहा है। कुछ दिन ऐसे होते हैं जब सब थोड़ा भारी लगने लगता है और सेट पर रहते हुए बच्चों की बहुत याद आती है। शूटिंग करते वक्त भी दिल का एक हिस्सा हमेशा उनके साथ रहता है। लेकिन जब लंबे दिन के बाद घर लौटती हूं और बच्चे मुझे कसकर गले लगाते हैं, तो सारी थकान पल भर में गायब हो जाती है। वही पल मुझे याद दिलाता है कि मैं दोनों दुनियाओं को साथ संभालने की कोशिश क्यों करती हूं। घर और सेट, दोनों जगह से मिलने वाला प्यार और सपोर्ट मेरे सफर को आसान बना देता है। जी टीवी की टीम के साथ शूट करना सच में काम को आसान बना देता है। वे मेरी जर्नी समझते हैं, मेरे वक्त की कद्र करते हैं और वही सुकून मेरी परफॉर्मेंस में भी झलकता है। जी रिश्तों का मेला 2025 को होस्ट करना और जी टीवी फैमिली के साथ न्यू ईयर का स्वागत करना मेरे लिए सच में बहुत खास था। ये बिल्कुल एक बड़े जश्न जैसा लगा, जहां यादें थीं, जोश था और ढेर सारा प्यार था। सबसे प्यारी बात ये है कि आज भी सेट पर लोग मुझे प्रीता ही बुलाते हैं। कई बार तो लगता है जैसे 'कुंडली भाग्य' अभी भी चल रहा है और मैं उसी की शूटिंग कर रही हूं। मुझे प्रीता होना बहुत पसंद है। इस किरदार ने मुझे जो प्यार, पहचान और अपनापन दिया है, वो मेरे लिए हमेशा अनमोल रहेगा।

# यामी गौतम ने किए खुलासे, कहा- शादी का कोई फिल्मी प्रपोजल नहीं था



फिल्ममेकर आदित्य धर 'धुरंधर' की कामयाबी से खुश हैं। इसमें रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, संजय दत्त और आर माधवन ने अहम किरदार निभाया है। हाल ही में आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम ने अपनी शादी के बारे में कई खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि कैसे उनका रिश्ता बिना किसी फिल्मी ड्रामे के बेहतर बना।'उरी' के सेट पर परवान चढ़ा रिश्ता ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे से बातचीत में यामी गौतम ने बताया कि उनका रिश्ता फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' के वक्त बेहतर हुआ। उन्होंने कहा 'ऐसा कोई फिल्मी प्रपोजल नहीं था कि वह कहें कि हम आपको प्रपोज करने जा रहे हैं। मुझे आदित्य धर की सादगी पसंद आई। मुझे बस ये पता था कि हम शादी करने जा रहे हैं। दोनों के परिवार हमें मिलाना चाहते थे और काफी खुश थे।' किस तरह की शादी चाहती थीं यामी? अभिनेत्री ने बताया 'मैं चाहती थी कि मेरी शादी इस तरह से हो कि कुछ परिवार के लोग हों। हर किसी का आशीर्वाद हो और हमारे आस-पास प्राकृतिक वातावरण हो। मैं चाहती थी कि जहां शादी हो वहां बैकग्राउंड में ऊंचे-ऊंचे देवदार के पेड़ हों, पहाड़ियां हों।' यामी ने किया खुद का मेकअप यामी गौतम ने बताया कि उन्होंने अपनी शादी को इतना आसान बनाया कि उन्होंने खुद का मेकअप किया। उन्होंने कहा 'मैंने अपना मेकअप खुद किया। मुझे लगा कि यह बहुत मुश्किल है, लेकिन यह काम आसान था। सुरीली ने मेरे बाल बनाए।' यामी ने की आदित्य धर की तारीफ आदित्य धर की तारीफ करते हुए यामी गौतम ने कहा 'वह ऐसे आदमी हैं जो आज के दौर में मिलना मुश्किल है। मैं जब 'आर्टिकल 370' का प्रमोशन कर रही थी, तब प्रेग्नेंट थी। उस वक्त आदित्य धर यह पक्का करना चाहते थे कि मैं कम्फर्टेबल रहूं। इसलिए उन्होंने मुझे एक तकिया दिया।' यामी गौतम ने आगे बताया कि जब वह 'उरी' के सेट पर जमीन पर बैठकर खाना खा रही थीं, तब उन्होंने अपनी डायरेक्टर की कुर्सी ऑफर की।



# आजतक ऐसे अवतार में नजर नहीं आईं रश्मिका मंदाना



रश्मिका मंदाना ने अब तक अपनी मासूम मुस्कान, चुलबुले किरदारों और रोमांटिक भूमिकाओं से दर्शकों के दिल जीते हैं, लेकिन उनकी आने वाली पैन-इंडिया फिल्म 'मैसा' का टीजर यह साफ कर देता है कि अभिनेत्री अब अपने करियर के एक बिल्कुल नए और साहसी मोड़ पर कदम रख चुकी हैं। हाल ही में रिलीज हुए टीजर में रश्मिका का ऐसा रूप देखने को मिला है, जिसने फैंस और इंडस्ट्री दोनों को चौंका दिया है।टीजर में क्या कुछ आया नजर? टीजर की शुरुआत में ही आवाज सुनाई देती है जो बताती है कि ये कहानी एक ऐसी बेटी की है जो मौत के सामने झुकने से इनकार कर देती है। इसी भावनात्मक पृष्ठभूमि में रश्मिका का किरदार सामने आता है, जिसकी आंखों में गुस्सा, शरीर की भाषा में विद्रोह और चीख में वर्षों का दबा हुआ दर्द झलकता है। टीजर में रश्मिका मंदाना का यह रूप एक ऐसी महिला का है, जिसे हालात ने लड़ना सिखा दिया है। उनका उग्र लुक, मिट्टी से सना चेहरा और आक्रामक अंदाज इस ओर इशारा करता है कि 'मैसा' सिर्फ एक एक्शन फिल्म नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, प्रतिरोध और अस्तित्व की लड़ाई की कहानी है। रश्मिका मंदाना ने साझा किया टीजर सोशल मीडिया पर टीजर शेयर करते हुए रश्मिका ने खुद भी संकेत दिए कि दर्शकों ने अभी इस कहानी की सिर्फ झलक देखी है। उनका कहना था कि यह तो बस शुरुआत है और आने वाले महीनों में फिल्म की असली गहराई सामने आएगी। इससे साफ है कि मेकर्स इस प्रोजेक्ट को धीरे-धीरे परतें खोलते हुए दर्शकों तक ले जाना चाहते हैं। फिल्म मैसा का निर्देशन 'मैसा' का निर्देशन नवोदित निर्देशक रवींद्र पुल्ले कर रहे हैं, जबकि इसे अनफॉर्मूला फिल्म्स के बैनर तले बनाया जा रहा है। यह फिल्म गोंड जनजाति की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर आधारित एक इमोशनल एक्शन थ्रिलर बताई जा रही है।

# पढ़ाई के साथ ही विद्यार्थियों के लिए सहशैक्षिक गतिविधियां भी जरूरी : महावीर नेहरा

## न्यू इंडियन पब्लिक स्कूल घांघू के वार्षिकोत्सव में लोक संस्कृति साकार

### विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** घांघू गांव के न्यू इंडियन पब्लिक उच्च माध्यमिक स्कूल घांघू में विद्यालय का वार्षिकोत्सव रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी परमेश्वर लाल दर्जी ने कहा कि आज के इस भौतिकतावादी युग में विद्यार्थियों का सर्वांगिण विकास करना शिक्षकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा की शिक्षा के साथ ही सयंमित जीवन ही सफलता की पहली सीढ़ी है।
वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि समाजसेवी महावीर नेहरा ने कहा कि पढ़ाई के साथ ही विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए सहशैक्षिक गतिविधियों का होना भी बहुत जरूरी है जिससे विद्यार्थियों के अंदर जो अन्य कौशल व कलाएं होती है उनका विकास भी होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्मार्टफोन से दूरी के साथ ही इसका कम से कम व सार्थक उपयोग करने कि हिदायत दी। संस्था के निदेशक करणीराम नैण ने विद्यालय की शैक्षिक, भौतिक व सहशैक्षिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक लोक संस्कृति से ओतप्रोत नृत्य, गीत व कविताओं की प्रस्तुति दी। विद्यालय के उत्कृष्ट अंको वाले व अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक मैनुद्दीन, लालचंद प्रजापत, मुस्ताक खां, ओमप्रकाश नैण, उदाराम प्रजापत, सामाजिक कार्यकर्ता बीरबल नोखवाल, वरिष्ठ लिपिक राजेंद्र फगेड़िया बास जसवंतपुरा, शरीफ खान, सोहनलाल लोहसना, जगदीश दर्जी, मेघाराम फगेड़िया, विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचस्थ रहे। इस अवसर पर विजय कुमार प्रजापत, ताराचंद प्रजापत, सूर्यप्रकाश धानुका, सरफराज, नरेश, विकास नैण, राजबाला, प्रताप बुढ़ानीया, राजेन्द्र कुमार, सत्यवीर, दलीप, विजेन्द्र, सरिता, सोनम, पूनम ने आयोजकीय सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन ताराचंद नोखवाल व सूर्यप्रकाश धानुका ने सयुंक्त रूप से किया।

## हेतमसर में 75 छात्राओं को स्वेटर वितरण



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, हेतमसर में शनिवार को जीएन ज्वैलर्स झुंझुनूं की ओर से विद्यालय स्टाफ दयाराम वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत) की प्रेरणा से कक्षा 1 से 8 तक के सभी 75 बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। विद्यालय प्रागंण के इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अंजना चौधरी ने की। इस मौके पर अभिभावक, समस्त विद्यालय स्टाफ और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## हेतमसर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शिविर का निरीक्षण

जयपुर टाइम्स




**मंडावा(निस)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतमसर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन झुंझुनू जिले के राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक डॉक्टर शशि प्रकाश अहलावत ने शिविर का औचक निरीक्षण किया। शिविर उचित मानदंडों के अनुसार चलता देख तथा सारी व्यवस्थाएं सही पाए जाने पर कार्यक्रम अधिकारी तथा सभी वॉलिंटियर्स की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि उनकी ओर से अब तक निरीक्षण की गई सभी इकाइयों में हेतमसर कॉलेज की इकाई वॉलिंटियर्स की शत प्रतिशत उपस्थित, अनुशासन और कार्य के आधार पर सर्वश्रेष्ठ है। अपने संबोधन में उन्होंने वॉलिंटियर्स को अपने जीवन में स्व अनुशासन, नियंत्रण और संयम, धैर्य, स्वाभिमान, ईमानदारी, दूसरों की सहायता, निस्वार्थ सेवाभाव, स्वाध्याय, विभिन्न प्रकार के नशे से दूर रहने आदि से संबंधित बातें विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से समझा कर राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के बारे में बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी अविनाश कुमार मील, लेखा अधिकारी सत्यनारायण दतुसलीया की ओर से डॉक्टर अहलावत का सम्मान किया गया। छात्रा आयुषी कुमावत, दिव्या सोनी ने अतिथि आगमन पर पारंपरिक राजस्थानी गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। छात्रा पूजा तंवर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के समस्त वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे।


## युवा राजपूत महासभा के अध्यक्ष संदीप सिंह का स्वागत



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कुमास ग्रामवासियों की ओर से मण्डावा युवा राजपूत महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप सिंह का नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दलीप सिंह वाहीदपुरा ने की। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष बनना बड़ी बात नहीं है, बल्कि उसकी जिम्मेदारियों का निर्वाह करना बड़ी बात है। युवा अध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि संगठन को पंचायत स्तर पर मज़बूत किया जाएगा और समाज मे शिक्षा के स्तर को सुधार किया जाएगा शीघ्र ही नई कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य राहुल कुमासिया ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉक्टर सुरेन्द्र पूनिया, सुमेर पूनिया, सरपंच महेश पूनिया, महेंद्र सिंह, रामचंद्र सिंह, सुमेर सिंह, मान सिंह, चंद्रपाल सिंह, बबलू सिंह, मदन सिंह, नाहर सिंह, रवि सिंह, हन्नी सिंह तथा उत्तम सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## पौषबड़ा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे के वार्ड नं 23 बालाजी मंदिर, पुराना पटवार हाउस के पास वार्डवासियों की ओर शनिवार को पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। आरंभ में भगवान को बड़ों के प्रसाद का भोग लगाया गया। बाद में प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा युवा नेता सचिन तुनवाल, रजत तुनवाल, भंवरलाल कुमावत , कृष्णावतार सैनी, रामरतन तुनवाल, जयचन्द कुमावत, किशोर मिटावा, राकेश कुमावत, संदीप सिरस्वा, प्रवीण तुनवाल, अमित तुनवाल, भरत तुनवाल , संजय सिरस्वा आदि स्थानीय वार्ड वासी मौजूद रहे।

## विधायक राजेन्द्र भांबू ने किया दोरासर व बिशनपुरा पंचायत में जनसुनवाई, विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास




जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सुशासन पखवाड़ा के अंतर्गत 'बढ़ता राजस्थान, हमारा राजस्थान - नव उत्थान, नई पहचान' संकल्प के साथ झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र की दोरासर व बिशनपुरा ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई एवं विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत दोरासर ग्राम पंचायत में हुई, जहां विधायक राजेन्द्र भांबू ट्रैक्टर रैली के साथ सभा स्थल पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों की जनसुनवाई कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। विधायक राजेन्द्र भांबू ने प्रदेश सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों का विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी आधारभूत सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने विधायक का केलों से तौलकर भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात बिशनपुरा ग्राम पंचायत के बिंजूसर में जनसुनवाई का आयोजन किया गउया, जहां आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया और विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में सुशासन पखवाड़ा के संयोजक मुकेश पातुसरी, सह-संयोजक बाबूलाल माहिच, सुरेन्द्र, अर्जुन महला, विशंभर पूनिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## यंग स्टार रतनगढ़ और डीडीके रतनगढ़ ने जीते मैच

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** समाजसेवी संस्था दी यंग्स वेलफेयर सोसायटी की ओर से चूरू जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में सेठ सूरजमल जालान ट्रस्ट कोलकाता के सौजन्य से आयोजित 39वीं सेठ मोहनलाल जालान मेमोरियल क्रिकेट ट्रॉफी में शनिवार को हुए मैचों में यंग स्टार क्लब रतनगढ़ और डीडीके रतनगढ़ ने जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश कर लिया। आयोजन सचिव राकेश गहलोत ने बताया कि सुबह पहला मैच यंग स्टार क्लब रतनगढ़ और चूरू एकेडमी के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चूरू एकेडमी ने निर्धारित 15 ओवर में ललित शर्मा के 41 और अक्षत चौधरी के 37 रनों के मदद से 7 विकेट पर 150 रन बनाए। इसके जवाब में यंग स्टार रतनगढ़ ने विकास लोहिया के धुंआधार अविजित शतक 102 की पारी की मदद से 7 विकेट से जीत दर्ज की। यंग स्टार के विकास लोहिया को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा मैच बीकानेर एकेडमी और डी डी के रतनगढ़ के मध्य खेला गया। बीकानेर एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 143 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में डीडीके रतनगढ़ ने श्रीराम खंडेलवाल के अविजित 68 रन की मदद से निर्धारित लक्ष्य 3 विकेट खोकर अर्जित कर लिया।

## परहित के बराबर कोई धर्म नहीं

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** बालाजी मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के आठवें दिन शुक्रवार को कथा वाचक पंडित शंभुशरण लाटा ने कहा कि परहित के बराबर कोई धर्म नहीं है। परहित केवल धन से नहीं, मन से भी होता है। महाराज ने कहा कि मन के भाव सबकी भलाई के लिए होने चाहिए, तभी भगवान की प्राप्ति होगी। बड़े-बड़े संत हिमालय में तपस्या कर रहे हैं और दूसरों के कल्याण की कामना भगवान से कर रहे हैं, तभी वो महान है। जटायु मरण प्रसंग पर बोलते हुए महाराज ने कहा कि आज जटायु अपने आपको सबसे सुखी जीव मान रहे हैं, जो प्रभु की गोद में है और इसी कारण उन्हें मृत्यु के उपरांत भगवान के धाम में जगह मिली। शबरी प्रसंग पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भगवान राम सभी लोगों को एक दृष्टि से देखते हैं। उन्होंने कभी ऊंच नीच का भेदभाव नहीं रखा। जब व्यक्ति भगवान के प्रेम में पड़ जाता है, तो वह स्वयं का ध्यान नहीं रखता, केवल भगवान की सेवा को ही सबकुछ मानकर कार्य करता है। पंडित लाटा ने कहा कि संतों की सेवा करने से चारों धाम घर में आ जाते है। कथा श्रवण व संतों की सेवा पूण्य से ही मिलती है। शुक्रवार की कथा में महाराज ने राम-सुग्रीव मिलन प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा शुरू होने से पूर्व मुख्य यजमान मंजू-पवन सेवदा व मधु-राजेंद्र बणसिया ने व्यासपीठ की पूजा अर्चना की। आयोजन समिति के अजय बणसिया ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विधायक पुसाराम गोदारा, पूर्व पालिकाध्यक्ष लिट्टू कल्पनाकांत, पूर्व प्रधान गिरधारीलाल बांगड़वा, विकास रिणवां, अरविंद चाकलान, सुरेंद्र हुड्डा, रामलाल पारीक, भीमाराम प्रजापत, बीरबल पारीक, कालूराम, नंदलाल महर्षि, मनोहर झाझड़िया, मोहन कस्वां, संजय बणसिया, मुरारी सारस्वत, परमेश्वर गौड़, कैलाश चौधरी, प्रकाश पारीक, मुरारीलाल पारीक, पार्षद नंदकिशोर भार्गव, आनंद चौधरी, ओमप्रकाश तापड़िया, रामनिवास मंगलहारा, कैलाश रिणवां, राजेंद्रसिंह बीदावत, विश्वनाथ घोडीवाला, सागरमल प्रजापत, किशोर बिजारणियां सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ओबीसी आयोग की जनसुनवाई कल, सूचना केंद्र सभागार में होगा संवाद

### ओबीसी वर्ग के जनप्रतिनिधि व नागरिक रखेंगे मुद्दे

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग की ओर से राज्य में ओबीसी वर्ग के पिछड़ेपन से जुड़े तथ्यों, समस्याओं व सुझावों के संकलन के लिए सोमवार को सूचना केंद्र सभागार, झुंझुनूं में आमजन से संवाद एवं जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जनसुनवाई आयोग के सदस्य गोपाल कृष्ण शर्मा व पवन मावंडिया के नेतृत्व में सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तक संपन्न होगी। कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग, जयपुर के निर्देशानुसार किया जा रहा है। जनसुनवाई में जिले के अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित नागरिक अपनी सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक स्थिति से जुड़े मुद्दे, अभाव, सुझाव एवं अनुभव आयोग के समक्ष प्रत्यक्ष रूप से रख सकेंगे। आयोग इन तथ्यों के आधार पर राज्य स्तर पर रिपोर्ट तैयार कर सरकार को अनुशंसाएं देगा, जिससे ओबीसी वर्ग के लिए न्यायसंगत राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जा सके। जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, झुंझुनूं को नॉडल अधिकारी और आयुक्त, नगर परिषद, झुंझुनूं को सह-नॉडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला सूचना केंद्र में जनसुनवाई के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। जिला कलेक्टर डॉ गर्ग ने संबंधित अधिकारियों को आयोग के निर्देशानुसार कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने ओबीसी वर्ग के अधिक से अधिक नागरिकों व जनप्रतिनिधियों से जनसुनवाई में भाग लेकर अपनी बात रखने की अपील की है।

## सड़क हादसे में चार लोग घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सालासर रोड पर स्थित गांव लोढ़सर के पास ट्रक व मोटरसाइकिल की दुर्घटना में 4 लोग घायल हो गए, जिनको 108 व टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, दामोदर शर्मा, बोदूराम गोदारा आदि ने निजी गाड़ी से सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। घायलों मे सुन्दर लाल, लूणाराम, प्रभुराम, सोहन लाल, निवासी छापर के नाम शामिल हैं। लूणाराम को गंभीर स्थिति के कारण हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायलों का इलाज डॉ रामरतन बिस्सू, सुमित खींचड़, सुरेंद्र सिंह आदि ने किया। सूचना पर सदर पुलिस सुजानगढ़ से हेड कांस्टेबल गिरधारी लाल अस्पताल पहुंचे।

## राजस्व वाद पत्र की सुनवाई के लिये नियत दिन की प्रत्यर्थी को सूचना

**( आदेश 41 के नियम 14 )**
**नाम न्यायालय श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी महोदय, स्थान सुजानगढ जिला चूरू (राज0)**

**कमूकंवर उर्फ कमलकंवर आदि विरूद्ध इन्द्रसिंह आदि**
**राजस्व वादपत्र नं019 / 2023**

श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी महोदय सुजानगढ के न्यायालय की तारीख 16-02-2023 को वादीगण का वादपत्र

1. कमूकंवर उर्फ कमलकंवर पुत्री धोकलसिंह धर्मपत्नी मनोहरसिंह जाति राजपूत उम्र 54 वर्ष निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू हाल निवासीनी ग्राम तिड़ोकी बड़ी तहसील लक्ष्मणगढ जिला सीकर ( राजस्थान )
2. धापूकंवर पुत्री धोकलसिंह धर्मपत्नी श्रवणसिंह जाति राजपूत उम्र 57 वर्ष निवासी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू हाल नि0 ग्राम जुलियासर तहसील लक्ष्मणगढ़ जिला सीकर (राजस्थान )

...वादीनीगण

**बनाम**

1. इन्द्रसिंह पुत्र हुकमसिंह जाति राजपूत निवासी रामपुर तहसील सुजानगढ़ जिला चूरू (राजस्थान )
2. रिछपालसिंह पुत्र सवाईसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पो0 अनोखू तहसील धोद जिला सीकर (राजस्थान)
3. गुलाबकंवर पुत्री उच्छवकंवर पत्नी सादुलसिंह जाति राजपूत नि0 ग्राम छापरी तहसील कुचामन जिला नागौर ( राजस्थान )
4. मोहनकंवर पुत्री उच्छवकंवर पत्नी ईश्वरसिंह जाति राजपूत नि0 ग्राम छापरी तहसील कुचामन जिला नागौर ( राजस्थान )
5. माफकंवर पुत्री उच्छवकंवर पत्नी कुम्भसिंह जाति राजपूत नि0 ग्राम छापरी तहसील कुचामन जिला नागौर ( राजस्थान )
6. रायकंवर पुत्री उच्छवकंवर पत्नी हिम्मतसिंह जाति राजपूत नि0 ग्राम पो0 गोपालपुरा तहसील कुचामन जिला नागौर (राजस्थान)
7. कैलाशकंवर पुत्री उच्छवकंवर पत्नी गिरधारीसिंह जाति राजपूत नि0 ग्राम पो0 कुंकनवाली तहसील कुचामन जिला नागौर (राजस्थान )
8. धापूकंवर पुत्री उच्छवकंवर पत्नी भगवानसिंह जाति राजपूत नि0 ग्राम पो0 प्रेमपुरा तहसील कुचामन जिला नागौर (राजस्थान)
9. करणीसिंह पुत्र देवीसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
10. कल्पना पुत्री हुकमसिंह जाति राजपूत नि0 रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
11. सुरज्ञानकंवर पत्नी रधुवीरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पो0 कुमास जागीर तहसील नेछवा जिला सीकर ( राजस्थान )
12. नरेन्द्रसिंह पुत्र स्वश रधुवीरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पो0 कुमास जागीर तहसील नेछवा जिला सीकर ( राजस्थान )
13. गोपालसिंह पुत्र स्वश रघुवीरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पो0 कुमास जागीर तहसील नेछवा जिला सीकर (राजस्थान )
14. पूजाकंवर पुत्री स्व0 रघुवीरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पो0 कुमास जागीर तहसील नेछवा जिला सीकर ( राजस्थान )
15. मुमलकंवर पुत्री स्व0 रधुवीरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पो0 कुमास जागीर तहसील नेछवा जिला सीकर (राजस्थान )
16. नरपतसिंह पुत्र गेनकंवर पत्नी भंवरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पो0 कुमास जागीर तहसील नेछवा जिला सीकर (राजस्थान)
17. दशरथसिंह पुत्र गेनकंवर पत्नी भंवरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पो0 कुमास जागीर तहसील नेछवा जिला सीकर (राजस्थान)
18. किशोरसिंह पुत्र गेनकंवर पत्नी भंवरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पो0 कुमास जागीर तहसील नेछवा जिला सीकर (राजस्थान)
19. मूलसिंह पुत्र गेनकंवर पत्नी भंवरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पो0 कुमास जागीर तहसील नेछवा जिला सीकर (राजस्थान)
20. खेतसिंह पुत्र गेनकंवर पत्नी भंवरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पो0 कुमास जागीर तहसील नेछवा जिला सीकर (राजस्थान )
21. संतोषकंवर पत्नी रूपसिंह व पुत्री स्व0 गेनकंवर जाति राजपूत निवासीनी ग्राम पो0 छपारा तहसील लाडनूँ जिला नागौर (राजस्थान)
22. चांदकंवर पत्नी सुमेरसिह जाति राजपूत नि0 ग्राम पो0 लोढसर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान)
23. विनोद कंवर पत्नी प्रहलादसिंह जाति राजपूत नि0 ग्राम पो0 लोढसर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
24. गोपालसिंह पुत्र माधोसिंह जाति राजपूत नि0 ग्राम रसीदपुरा तहसील कुचामन जिला नागौर (राजस्थान )
25. चन्द्रवीरसिंह पुत्र निर्मला पत्नी लक्ष्मणसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू (राजस्थान )
26. भावना पुत्री निर्मला पत्नी लक्ष्मणसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू राजस्थान )
27. मधुलिका पुत्री निर्मला पत्नी लक्ष्मणसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
28. लोकेन्द्रसिह निर्मला पत्नी लक्ष्मणसिंह जाति राजपूत निवासी गाम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
29. सीताकंवर पत्नी स्व0 हुकमसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
30. जयश्री पुत्री हुकमसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
31. नन्दिनी पुत्री हुकमसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
32. नीलम पुत्री हुकमसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
33. प्रेरणा पुत्री हुकमसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरु ( राजस्थान )
34. रीतू पुत्री हुकमसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
35. हेमन्त पुत्री हुकमसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
36. मंगलाकंवर पत्नी देवीसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू (राजस्थान)
37. नरेन्द्रसिंह पुत्र देवीसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
38. रीनाकंवर पुत्री देवीसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान)
39. मनोहरसिंह पुत्र आनन्दसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरु ( राजस्थान)
40. लक्ष्मणसिंह पुत्र आनन्दसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान ) 40 / 1 तेजसिंह पुत्र स्व. लक्ष्मणसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
41. विरेन्द्रसिंह पुत्र आनन्दसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
42. सुधाकंवर पुत्री आनन्दसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू (राजस्थान)
43. हनुवन्तसिंह दत्तक पुत्र सुगनी जाति राजपूत निवासी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू (राजस्थान)
44. शाखा प्रबन्धक, पंजाब नेशनल बैंक शाखा सुजानगढ़ तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान)
45. तहसीलदार, तहसील कार्यालय, सुजानगढ़ जिला चूरू ( राजस्थान )

आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में राजस्व वादपत्र कमूकंवर उर्फ कमलकंवर आदि द्वारा उपस्थित होकर किया गया और इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई और इस राजस्व वाद पत्र की सुनवाई के लिए इस न्यायालय द्वारा ता. 28 माह 01 सन् 2026 नियत की गई है।

यदि इस राजस्व वादपत्र में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिए कार्य करने के लिये विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जावेगी ।
यह आज तारीख 23.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई ।

**आज्ञा से**
**रीडर**
**उपखण्ड अधिकारी**

# पढ़ाई के साथ ही विद्यार्थियों के लिए सहशैक्षिक गतिविधियां भी जरूरी : महावीर नेहरा

## न्यू इंडियन पब्लिक स्कूल घांघू के वार्षिकोत्सव में लोक संस्कृति साकार

### विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** घांघू गांव के न्यू इंडियन पब्लिक उच्च माध्यमिक स्कूल घांघू में विद्यालय का वार्षिकोत्सव रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी परमेश्वर लाल दर्जी ने कहा कि आज के इस भौतिकतावादी युग में विद्यार्थियों का सर्वांगिण विकास करना शिक्षकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा की शिक्षा के साथ ही सयंमित जीवन ही सफलता की पहली सीढ़ी है।

वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि समाजसेवी महावीर नेहरा ने कहा कि पढ़ाई के साथ ही विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए सहशैक्षिक गतिविधियों का होना भी बहुत जरूरी है जिससे विद्यार्थियों के अंदर जो अन्य कौशल व कलाएं होती है उनका विकास भी होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्मार्टफोन से दूरी के साथ ही इसका कम से कम व सार्थक उपयोग करने कि हिदायत दी। संस्था के निदेशक करणीराम नैण ने विद्यालय की शैक्षिक, भौतिक व सहशैक्षिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक लोक संस्कृति से ओतप्रोत नृत्य, गीत व कविताओं की प्रस्तुति दी। विद्यालय के उत्कृष्ट अंको वाले व अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक मैनुद्दीन, लालचंद प्रजापत, मुस्ताक खां, ओमप्रकाश नैण, उदाराम प्रजापत, सामाजिक कार्यकर्ता बीरबल नोखवाल, वरिष्ठ लिपिक राजेंद्र फगेड़िया बास जसवंतपुरा, शरीफ खान, सोहनलाल लोहसना, जगदीश दर्जी, मेघाराम फगेड़िया, विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचस्थ रहे। इस अवसर पर विजय कुमार प्रजापत, ताराचंद प्रजापत, सूर्यप्रकाश धानुका, सरफराज, नरेश, विकास नैण, राजबाला, प्रताप बुढ़ानीया, राजेन्द्र कुमार, सत्यवीर, दलीप, विजेन्द्र, सरिता, सोनम, पूनम ने आयोजकीय सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन ताराचंद नोखवाल व सूर्यप्रकाश धानुका ने सयुंक्त रूप से किया।

## हेतमसर में 75 छात्राओं को स्वेटर वितरण



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, हेतमसर में शनिवार को जीएन ज्वैलर्स झुंझुनूं की ओर से विद्यालय स्टाफ दयाराम वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत) की प्रेरणा से कक्षा 1 से 8 तक के सभी 75 बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। विद्यालय प्रागंण के इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अंजना चौधरी ने की। इस मौके पर अभिभावक, समस्त विद्यालय स्टाफ और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## हेतमसर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शिविर का निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतमसर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन झुंझुनू जिले के राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक डॉक्टर शशि प्रकाश अहलावत ने शिविर का औचक निरीक्षण किया। शिविर उचित मानदंडों के अनुसार चलता देख तथा सारी व्यवस्थाएं सही पाए जाने पर कार्यक्रम अधिकारी तथा सभी वॉलिंटियर्स की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि उनकी ओर से अब तक निरीक्षण की गई सभी इकाइयों में हेतमसर कॉलेज की इकाई वॉलिंटियर्स की शत प्रतिशत उपस्थित, अनुशासन और कार्य के आधार पर सर्वश्रेष्ठ है। अपने संबोधन में उन्होंने वॉलिंटियर्स को अपने जीवन में स्व अनुशासन, नियंत्रण और संयम, धैर्य, स्वाभिमान, ईमानदारी, दूसरों की सहायता, निस्वार्थ सेवाभाव, स्वाध्याय, विभिन्न प्रकार के नशे से दूर रहने आदि से संबंधित बातें विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से समझा कर राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के बारे में बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी अविनाश कुमार मील, लेखा अधिकारी सत्यनारायण दतुसलीया की ओर से डॉक्टर अहलावत का सम्मान किया गया। छात्रा आयुषी कुमावत, दिव्या सोनी ने अतिथि आगमन पर पारंपरिक राजस्थानी गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। छात्रा पूजा तंवर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के समस्त वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे।




## युवा राजपूत महासभा के अध्यक्ष संदीप सिंह का स्वागत



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कुमास ग्रामवासियों की ओर से मण्डावा युवा राजपूत महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप सिंह का नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दलीप सिंह वाहीदपुरा ने की। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष बनना बड़ी बात नहीं है, बल्कि उसकी जिम्मेदारियों का निर्वाह करना बड़ी बात है। युवा अध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि संगठन को पंचायत स्तर पर मज़बूत किया जाएगा और समाज मे शिक्षा के स्तर को सुधार किया जाएगा शीघ्र ही नई कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य राहुल कुमासिया ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉक्टर सुरेन्द्र पूनिया, सुमेर पूनिया, सरपंच महेश पूनिया, महेंद्र सिंह, रामचंद्र सिंह, सुमेर सिंह, मान सिंह, चंद्रपाल सिंह, बबलू सिंह, मदन सिंह, नाहर सिंह, रवि सिंह, हन्नी सिंह तथा उत्तम सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## पौषबड़ा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे के वार्ड नं 23 बालाजी मंदिर, पुराना पटवार हाउस के पास वार्डवासियों की ओर शनिवार को पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। आरंभ में भगवान को बड़ों के प्रसाद का भोग लगाया गया। बाद में प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा युवा नेता सचिन तुनवाल, रजत तुनवाल, भंवरलाल कुमावत , कृष्णावतार सैनी, रामरतन तुनवाल, जयचन्द कुमावत, किशोर मिटावा, राकेश कुमावत, संदीप सिरस्वा, प्रवीण तुनवाल, अमित तुनवाल, भरत तुनवाल , संजय सिरस्वा आदि स्थानीय वार्ड वासी मौजूद रहे।

## विधायक राजेन्द्र भांबू ने किया दोरासर व बिशनपुरा पंचायत में जनसुनवाई, विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास




जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सुशासन पखवाड़ा के अंतर्गत 'बढ़ता राजस्थान, हमारा राजस्थान - नव उत्थान, नई पहचान' संकल्प के साथ झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र की दोरासर व बिशनपुरा ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई एवं विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत दोरासर ग्राम पंचायत में हुई, जहां विधायक राजेन्द्र भांबू ट्रैक्टर रैली के साथ सभा स्थल पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों की जनसुनवाई कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। विधायक राजेन्द्र भांबू ने प्रदेश सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों का विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी आधारभूत सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने विधायक का केलों से तौलकर भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात बिशनपुरा ग्राम पंचायत के बिंजूसर में जनसुनवाई का आयोजन किया ग3या, जहां आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया और विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में सुशासन पखवाड़ा के संयोजक मुकेश पातुसरी, सह-संयोजक बाबूलाल माहिच, सुरेन्द्र, अर्जुन महला, विशंभर पूनिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## यंग स्टार रतनगढ़ और डीडीके रतनगढ़ ने जीते मैच

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** समाजसेवी संस्था दी यंग्स वेलफेयर सोसायटी की ओर से चूरू जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में सेठ सूरजमल जालान ट्रस्ट कोलकाता के सौजन्य से आयोजित 39वीं सेठ मोहनलाल जालान मेमोरियल क्रिकेट ट्रॉफी में शनिवार को हुए मैचों में यंग स्टार क्लब रतनगढ़ और डीडीके रतनगढ़ ने जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश कर लिया। आयोजन सचिव राकेश गहलोत ने बताया कि सुबह पहला मैच यंग स्टार क्लब रतनगढ़ और चूरू एकेडमी के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चूरू एकेडमी ने निर्धारित 15 ओवर में ललित शर्मा के 41 और अक्षत चौधरी के 37 रनों के मदद से 7 विकेट पर 150 रन बनाए। इसके जवाब में यंग स्टार रतनगढ़ ने विकास लोहिया के धुंआधार अविजित शतक 102 की पारी की मदद से 7 विकेट से जीत दर्ज की। यंग स्टार के विकास लोहिया को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा मैच बीकानेर एकेडमी और डी डी के रतनगढ़ के मध्य खेला गया। बीकानेर एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 143 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में डीडीके रतनगढ़ ने श्रीराम खंडेलवाल के अविजित 68 रन की मदद से निर्धारित लक्ष्य 3 विकेट खोकर अर्जित कर लिया।

## परहित के बराबर कोई धर्म नहीं

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** बालाजी मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के आठवें दिन शुक्रवार को कथा वाचक पंडित शंभुशरण लाटा ने कहा कि परहित के बराबर कोई धर्म नहीं है। परहित केवल धन से नहीं, मन से भी होता है। महाराज ने कहा कि मन के भाव सबकी भलाई के लिए होने चाहिए, तभी भगवान की प्राप्ति होगी। बड़े-बड़े संत हिमालय में तपस्या कर रहे हैं और दूसरों के कल्याण की कामना भगवान से कर रहे हैं, तभी वो महान है। जटायु मरण प्रसंग पर बोलते हुए महाराज ने कहा कि आज जटायु अपने आपको सबसे सुखी जीव मान रहे हैं, जो प्रभु की गोद में है और इसी कारण उन्हें मृत्यु के उपरांत भगवान के धाम में जगह मिली। शबरी प्रसंग पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भगवान राम सभी लोगों को एक दृष्टि से देखते हैं। उन्होंने कभी ऊंच नीच का भेदभाव नहीं रखा। जब व्यक्ति भगवान के प्रेम में पड़ जाता है, तो वह स्वयं का ध्यान नहीं रखता, केवल भगवान की सेवा को ही सबकुछ मानकर कार्य करता है। पंडित लाटा ने कहा कि संतों की सेवा करने से चारों धाम घर में आ जाते है। कथा श्रवण व संतों की सेवा पूण्य से ही मिलती है। शुक्रवार की कथा में महाराज ने राम-सुग्रीव मिलन प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा शुरू होने से पूर्व



मुख्य यजमान मंजू-पवन सेवदा व मधु-राजेंद्र बणसिया ने व्यासपीठ की पूजा अर्चना की। आयोजन समिति के अजय बणसिया ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विधायक पुसाराम गोदारा, पूर्व पालिकाध्यक्ष लिट्टू कल्पनाकांत, पूर्व प्रधान गिरधारीलाल बांगड़वा, विकास रिणवां, अरविंद चाकलान, सुरेंद्र हुड्डा, रामलाल पारीक, भीमाराम प्रजापत, बीरबल पारीक, कालूराम, नंदलाल महर्षि, मनोहर झाझड़िया, मोहन कस्वां, संजय बणसिया, मुरारी सारस्वत, परमेश्वर गौड़, कैलाश चौधरी, प्रकाश पारीक, मुरारीलाल पारीक, पार्षद नंदकिशोर भार्गव, आनंद चौधरी, ओमप्रकाश तापड़िया, रामनिवास मंगलहारा, कैलाश रिणवां, राजेंद्रसिंह बीदावत, विश्वनाथ घोडीवाला, सागरमल प्रजापत, किशोर बिजारणियां सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ओबीसी आयोग की जनसुनवाई कल, सूचना केंद्र सभागार में होगा संवाद

### ओबीसी वर्ग के जनप्रतिनिधि व नागरिक रखेंगे मुद्दे

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग की ओर से राज्य में ओबीसी वर्ग के पिछड़ेपन से जुड़े तथ्यों, समस्याओं व सुझावों के संकलन के लिए सोमवार को सूचना केंद्र सभागार, झुंझुनूं में आमजन से संवाद एवं जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जनसुनवाई आयोग के सदस्य गोपाल कृष्ण शर्मा व पवन मावंडिया के नेतृत्व में सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तक संपन्न होगी। कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग, जयपुर के निर्देशानुसार किया जा रहा है। जनसुनवाई में जिले के अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित नागरिक अपनी सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक स्थिति से जुड़े मुद्दे, अभाव, सुझाव एवं अनुभव आयोग के समक्ष प्रत्यक्ष रूप से रख सकेंगे। आयोग इन तथ्यों के आधार पर राज्य स्तर पर रिपोर्ट तैयार कर सरकार को अनुशंसाएं देगा, जिससे ओबीसी वर्ग के लिए न्यायसंगत राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जा सके। जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, झुंझुनूं को नॉडल अधिकारी और आयुक्त, नगर परिषद, झुंझुनूं को सह-नॉडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला सूचना केंद्र में जनसुनवाई के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। जिला कलेक्टर डॉ गर्ग ने संबंधित अधिकारियों को आयोग के निर्देशानुसार कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने ओबीसी वर्ग के अधिक से अधिक नागरिकों व जनप्रतिनिधियों से जनसुनवाई में भाग लेकर अपनी बात रखने की अपील की है।

## सड़क हादसे में चार लोग घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सालासर रोड पर स्थित गांव लोढ़सर के पास ट्रक व मोटरसाइकिल की दुर्घटना में 4 लोग घायल हो गए, जिनको 108 व टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, दामोदर शर्मा, बोदूराम गोदारा आदि ने निजी गाड़ी से सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। घायलों मे सुन्दर लाल, लूणाराम, प्रभुराम, सोहन लाल, निवासी छापर के नाम शामिल हैं। लूणाराम को गंभीर स्थिति के कारण हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायलों का इलाज डॉ रामरतन बिस्सू, सुमित खींचड़, सुरेंद्र सिंह आदि ने किया। सूचना पर सदर पुलिस सुजानगढ़ से हेड कांस्टेबल गिरधारी लाल अस्पताल पहुंचे।

## राजस्व वाद पत्र की सुनवाई के लिये नियत दिन की प्रत्यर्थी को सूचना

( आदेश 41 के नियम 14 )

नाम न्यायालय श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी महोदय, स्थान सुजानगढ जिला चूरू (राज0)

कमूकंवर उर्फ कमलकंवर आदि विरूद्ध इन्द्रसिंह आदि

राजस्व वादपत्र नं019 / 2023

श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी महोदय सुजानगढ के न्यायालय की तारीख 16-02-2023 को वादीगण का वादपत्र

1. कमूकंवर उर्फ कमलकंवर पुत्री धोकलसिंह धर्मपत्नी मनोहरसिंह जाति राजपूत उम्र 54 वर्ष निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू हाल निवासीनी ग्राम तिड़ोकी बड़ी तहसील लक्ष्मणगढ जिला सीकर ( राजस्थान )
2. धापूकंवर पुत्री धोकलसिंह धर्मपत्नी श्रवणसिंह जाति राजपूत उम्र 57 वर्ष निवासी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू हाल नि0 ग्राम जुलियासर तहसील लक्ष्मणगढ़ जिला सीकर (राजस्थान )

...वादीनीगण

**बनाम**

1. इन्द्रसिंह पुत्र हुकमसिंह जाति राजपूत निवासी रामपुर तहसील सुजानगढ़ जिला चूरू (राजस्थान )
2. रिछपालसिंह पुत्र सवाईसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पो0 अनोखू तहसील धोद जिला सीकर (राजस्थान)
3. गुलाबकंवर पुत्री उच्छवकंवर पत्नी सादुलसिंह जाति राजपूत नि0 ग्राम छापरी तहसील कुचामन जिला नागौर ( राजस्थान )
4. मोहनकंवर पुत्री उच्छवकंवर पत्नी ईश्वरसिंह जाति राजपूत नि0 ग्राम छापरी तहसील कुचामन जिला नागौर ( राजस्थान )
5. माफूकंवर पुत्री उच्छवकंवर पत्नी कुम्भसिंह जाति राजपूत नि0 ग्राम छापरी तहसील कुचामन जिला नागौर ( राजस्थान )
6. रायकंवर पुत्री उच्छवकंवर पत्नी हिम्मतसिंह जाति राजपूत नि0 ग्राम पो0 गोपालपुरा तहसील कुचामन जिला नागौर (राजस्थान)
7. कैलाशकंवर पुत्री उच्छवकंवर पत्नी गिरधारीसिंह जाति राजपूत नि0 ग्राम पो0 कुंकनवाली तहसील कुचामन जिला नागौर (राजस्थान )
8. धापूकंवर पुत्री उच्छवकंवर पत्नी भगवानसिंह जाति राजपूत नि0 ग्राम पो0 प्रेमपुरा तहसील कुचामन जिला नागौर (राजस्थान)
9. करणीसिंह पुत्र देवीसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
10. कल्पना पुत्री हुकमसिंह जाति राजपूत नि0 रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
11. सुरज्ञानकंवर पत्नी रधुवीरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पो0 कुमास जागीर तहसील नेछवा जिला सीकर ( राजस्थान )
12. नरेन्द्रसिंह पुत्र स्व. रधुवीरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पो0 कुमास जागीर तहसील नेछवा जिला सीकर ( राजस्थान )
13. गोपालसिंह पुत्र स्व. रघुवीरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पो0 कुमास जागीर तहसील नेछवा जिला सीकर (राजस्थान )
14. पूजाकंवर पुत्री स्व0 रघुवीरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पो0 कुमास जागीर तहसील नेछवा जिला सीकर ( राजस्थान )
15. मुमलकंवर पुत्री स्व0 रधुवीरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पो0 कुमास जागीर तहसील नेछवा जिला सीकर (राजस्थान )
16. नरपतसिंह पुत्र गेनकंवर पत्नी भंवरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पो0 कुमास जागीर तहसील नेछवा जिला सीकर (राजस्थान)
17. दशरथसिंह पुत्र गेनकंवर पत्नी भंवरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पो0 कुमास जागीर तहसील नेछवा जिला सीकर (राजस्थान)
18. किशोरसिंह पुत्र गेनकंवर पत्नी भंवरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पो0 कुमास जागीर तहसील नेछवा जिला सीकर (राजस्थान)
19. मूलसिंह पुत्र गेनकंवर पत्नी भंवरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पो0 कुमास जागीर तहसील नेछवा जिला सीकर (राजस्थान)
20. खेतसिंह पुत्र गेनकंवर पत्नी भंवरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पो0 कुमास जागीर तहसील नेछवा जिला सीकर (राजस्थान )
21. संतोषकंवर पत्नी रूपसिंह व पुत्री स्व0 गेनकंवर जाति राजपूत निवासीनी ग्राम पो0 छपारा तहसील लाडनूँ जिला नागौर (राजस्थान)
22. चांदकंवर पत्नी सुमेरसिह जाति राजपूत नि0 ग्राम पो0 लोढसर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान)
23. विनोद कंवर पत्नी प्रहलादसिंह जाति राजपूत नि0 ग्राम पो0 लोढसर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
24. गोपालसिंह पुत्र माधोसिंह जाति राजपूत नि0 ग्राम रसीदपुरा तहसील कुचामन जिला नागौर (राजस्थान )
25. चन्द्रवीरसिंह पुत्र निर्मला पत्नी लक्ष्मणसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू (राजस्थान )
26. भावना पुत्री निर्मला पत्नी लक्ष्मणसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू राजस्थान )
27. मधुलिका पुत्री निर्मला पत्नी लक्ष्मणसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
28. लोकेन्द्रसिह निर्मला पत्नी लक्ष्मणसिंह जाति राजपूत निवासी गाम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
29. सीताकंवर पत्नी स्व0 हुकमसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
30. जयश्री पुत्री हुकमसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
31. नन्दिनी पुत्री हुकमसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
32. नीलम पुत्री हुकमसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
33. प्रेरणा पुत्री हुकमसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
34. रीतू पुत्री हुकमसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
35. हेमन्त पुत्री हुकमसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
36. मंगलाकंवर पत्नी देवीसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू (राजस्थान)
37. नरेन्द्रसिंह पुत्र देवीसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
38. रीनाकंवर पुत्री देवीसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान)
39. मनोहरसिंह पुत्र आनन्दसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरु ( राजस्थान)
40. लक्ष्मणसिंह पुत्र आनन्दसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान ) 40 / 1 तेजसिंह पुत्र स्व. लक्ष्मणसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
41. विरेन्द्रसिंह पुत्र आनन्दसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान )
42. सुधाकंवर पुत्री आनन्दसिंह जाति राजपूत निवासीनी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू (राजस्थान)
43. हनुवन्तसिंह दत्तक पुत्र सुगनी जाति राजपूत निवासी ग्राम रामपुर तहसील सुजानगढ जिला चूरू (राजस्थान)
44. शाखा प्रबन्धक, पंजाब नेशनल बैंक शाखा सुजानगढ़ तहसील सुजानगढ जिला चूरू ( राजस्थान)
45. तहसीलदार, तहसील कार्यालय, सुजानगढ़ जिला चूरू ( राजस्थान )

आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में राजस्व वादपत्र कमूकंवर उर्फ कमलकंवर आदि द्वारा उपस्थित होकर किया गया और इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई और इस राजस्व वाद पत्र की सुनवाई के लिए इस न्यायालय द्वारा ता. 28 माह 01 सन् 2026 नियत की गई है।

यदि इस राजस्व वादपत्र में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिए कार्य करने के लिये विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जावेगी ।
यह आज तारीख 23.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई ।

**आज्ञा से**
**रीडर**
**उपखण्ड अधिकारी**

# मनरेगा का नाम परिवर्तन करने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया विरोध-प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल के नेतृत्व में चूरू जिला कांग्रेस कमेटी व शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस से वीरगति स्मारक तक अरावली बचाओं पद यात्रा निकाली गई। पद यात्रा के बाद केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना के नाम परिवर्तन व उसे कमजोर करने के कुत्सित प्रयासों के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के चित्र को हाथ में लेकर वीरगति स्मारक के आगे जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष व विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की नई परिभाषा और केन्द्र-राज्य सरकार के फैसलों से अरावली का बड़ा हिस्सा खनन के लिए खुल सकता है, जिससे पर्यावरण और भूजल को गंभीर खतरा है। मनरेगा को लेकर मेघवाल ने कहा कि अभी हाल ही में सरकार ने मनरेगा पर




बुलडोजर चलाकर न सिर्फ महात्मा गांधी का नाम हटाया गया, बल्कि मनरेगा का स्वरूप बिना विचार-विमर्श और विपक्ष के बिना विश्वास में लिए मनमाने ढ़ंग से बदल दिया गया। अब किसको, कितना, कहां और किस तरह रोजगार मिलेगा, यह जमीनी हकीकत से दूर दिल्ली में बैठकर सरकार तय करेगी। कांग्रेस कमेटी सचिव रेहाना रियाज चिश्ती ने कहा कि इस समय केन्द्र में हम दो हमारे दो की सरकार है। यह सरकार पुंजीपति और उधोगपतियों के लिए ही बनी है। इनका गरीब व आमजन से कोई वास्ता नहीं है। केन्द्र और राज्य की पूर्व कांग्रेस सरकार की योजनाओं के नाम बदलकर वर्तमान भाजपा सरकार अपनी उपलब्धि मानती है। इस दौरान रतनगढ़ विधायक पुसाराम गोदारा ने कहा कि अरावली केवल पहाड़ नहीं बल्कि प्रदेश के पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा का कवच है। सरकार आंकडो के जाल में रखकर जनता को भ्रमित कर रही है और असली खतरे को छिपा रही है। इस दौरान पीसीसी सचिव रियाजत खान, शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धांधू, पं.सं. प्रतिपक्ष नेता धर्मेन्द्र बुडानिया, निवर्तमान सभापति पायल सैनी, पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद हुसैन निर्बाण, एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति, रमजान खान, रामप्रताप कांटीवाल, विधाधर मेघवाल, संजय पुनियां राजगढ़, विधाधर बेनीवाल, गिरधारीलाल बांगड़वा, भानीराम मेघवाल, अबरार खां, प्यारेलाल दानोदिया आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान नारायण बालाण, हर्ष लाम्बा, हेमन्त सिहाग, असलम खां मोयल, आरिफ रिसालदार, विमल शर्मा, बालीबाई, दीपिका सोनी, ज्योति सिंह, शर्मिला भाकर, कृष्ण सुण्डा, विजयपाल सारण, सलीम पीए, मुस्ताक पिथिसर, श्रवण बसेर, इंजी. सुरेश शर्मा, सदीक लीलगर, किशनाराम बाबल, भादरमल मेघवाल, जयचंद मेघवाल, हुणताराम, कुरड़ाराम भाकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष जमील चौहान ने किया।

## छापेमारी कर प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की 22 चरखियां जब्त



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे में लंबे समय से चाइनीज मांझा बेचे जाने की मिल रही शिकायतों पर नगर पालिका ने सख्त कार्रवाई की है। शनिवार को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी भरत गौड़ के निर्देश पर गठित टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की 22 चरखियां जब्त कीं। नगर पालिका टीम ने पुराना बस स्टैंड रोड, गांधी चौक, हाई सेकेंडरी स्कूल रोड और दड़ीबा क्षेत्र में चाइनीज मांझा बेचने वाली दुकानों पर कार्रवाई की। जब्त किए गए चाइनीज मांझे को जलाकर नष्ट किया गया। अधिशासी अधिकारी भरत गौड़ ने आमजन से अपील की कि मकर संक्रांति पर्व पर प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का उपयोग न करें। उन्होंने कहा कि इससे मानव जीवन के साथ-साथ पशु-पक्षियों की जान को भी गंभीर खतरा बना रहता है। चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान सफाई निरीक्षक गिरधारी लाल लोहिया, जमादार अमित कुमार, अशोक कुमार, तेजपाल, आशाराम सहित पुलिस टीम मौजूद रही।

## ब्लूमिंग माइंड स्कूल में खेल महोत्सव का समापन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय बाल भारती इंटरनल उच्च माध्यमिक विद्यालय की ओर से संचालित ब्लूमिंग माइंड स्कूल में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का समापन हुआ। निदेशक नोपाराम मंडा ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि के रूप में स्नेह प्रभा मिश्रा, साहित्यकार ममता बांठिया, भगवतीदेवी तंवर, नत्थी देवी गोदारा, सुशीला गोदारा मंचस्थ रहे। निदेशक नोपाराम मंडा ने बताया कि खेल सप्ताह में नन्हे- मुन्ने बच्चों ने भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में करीब 200 बच्चे प्रतिभागी के तौर पर शामिल हुए, जिनमें से 150 बच्चों को मैडल व गिफ्ट प्रदान किए गए। आयोजन को सफल बनाने में प्रिंसिपल प्रीति जांगिड़, व्यवस्थापक अशोक मण्डा, राजू देवी, रचना जांगिड़, मीरा जाखड़, खुशबू जोशी व स्टाफ सदस्यों ने योगदान दिया।

## पूर्व विधायक महर्षि ने भाजपा कार्यालय में की जनसुनवाई



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने शनिवार को भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आये आमजन की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर सम्बंधित विभाग के अधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनसुनवाई में टेम्पू यूनियन ने एकतरफा यातायात से टेम्पू चालकों को हो रही असुविधा के बारे में पूर्व विधायक महर्षि को अवगत करवाया। जिस पर पूर्व विधायक महर्षि ने डीवाईएसपी इंसार अली एवम वृताधिकारी गौरव खीड़ीया से वार्ता कर एकतरफा यातायात से छुट दिलवाकर टेम्पू चालको को राहत प्रदान की है। महर्षि ने कहा कि समस्याओं का लंबित रखना, विकास को अवरुद्ध करना है। जन समस्याओं का समाधान ही विकास की राह प्रशस्त करती है। महर्षि ने कहा कि भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई करने के साथ ही शहर के वार्डों व ग्रामीण क्षेत्र में मौके पर जाकर समस्या समाधान के लिए प्रयासरत हूँ। विगत दो वर्षों से प्रदेश में सुशासन स्थापित है जनसुनवाई में महर्षि ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारीयों को निर्देश दिए। इस अवसर पर दर्जनों की संख्या में भाजपा नेता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## सखा पुस्तिका का विमोचन




जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** कस्बे में स्थित आर एन शिक्षण संस्थान में सखा पुस्तिका का विमोचन किया गया। पुस्तिका लेखक प्रदीप कथक ने तीन दोस्तों की कहानी व रियल लाइफ पर आधारित सखा पुस्तिका लिखी। शनिवार को पुस्तिका का विमोचन डॉक्टर लादूसिंह राव, हरि प्रसाद, मनीषा, देवांशू राव, सुधांशु, अनिल, प्रिया, साहितकार सीता देवी आदि मौजूद रहे।

## सादुलपुर के वैज्ञानिक डॉ. जितेंद्र सिंह पूनिया का प्रतिष्ठित रमन रिसर्च फेलोशिप में चयन

जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** शिक्षक संघ के मनोज पूनिया ने बताया कि राजस्थान के पिलानी स्थित CSIR-सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (CSIR-CEERI) में सीनियर प्रिंसिपल साइंटिस्ट के पद पर कार्यरत डॉ. जितेंद्र सिंह पूनिया का भारत सरकार के विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग (DST) की ओर से प्रदान की जाने वाली प्रतिष्ठित रमन रिसर्च फेलोशिप (RRF) के लिए चयन हुआ है। यह फेलोशिप वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) के सहयोग से संचालित की जाती है। रमन रिसर्च फेलोशिप का उद्देश्य भारतीय वैज्ञानिकों को विश्व के अग्रणी संस्थानों में उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में उन्नत शोध के लिए भेजना है, ताकि उनके कौशल में वृद्धि हो और भारत की रिसर्च एवं डेवलपमेंट क्षमताओं को मजबूती मिल सके। इस फेलोशिप के अंतर्गत डॉ. पूनिया अमेरिका की ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी (USA) जाएंगे, जहां वे सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी और सेंसर एडवांसमेंट जैसे उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान करेंगे। यह शोध भारत में सेमीकंडक्टर और सेंसर फैब्रिकेशन को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा। डॉ. जितेंद्र सिंह पूनिया ने अपनी उच्च शिक्षा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (IIT) दिल्ली तथा CSIR-CEERI पिलानी से प्राप्त की है। इससे पूर्व उन्होंने बेंगलुरु स्थित भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) की सेंट्रल रिसर्च लेबोरेटरी और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (IISc) में वैज्ञानिक के रूप में सेवाएं दी हैं। वर्तमान में CSIR-CEERI में वे माइक्रो और नैनो-इलेक्ट्रॉनिक MEMS तथा माइक्रोसिस्टम डिवाइस के डिजाइन, फैब्रिकेशन, कैरेक्टराइजेशन और पैकेजिंग के क्षेत्र में लगभग 20 वर्षों का अनुभव रखते हैं। अपने शोध कार्यों के दौरान डॉ. पूनिया लगभग 100 अंतरराष्ट्रीय जर्नल लेख और कॉन्फ्रेंस पेपर प्रकाशित कर चुके हैं। उन्होंने तीन पुस्तकों के अध्यायों में योगदान दिया है और कई पेटेंट भी उनके नाम दर्ज हैं। वे IEEE सेंसर्स जर्नल के एसोसिएट एडिटर हैं और देश-विदेश की विभिन्न वैज्ञानिक संस्थाओं के सदस्य भी हैं। शोध कार्यों के सिलसिले में उन्होंने कई देशों की यात्रा की है। डॉ. जितेंद्र सिंह पूनिया मूल रूप से गांव राघा छोटी, राजगढ़ (चूरू) के निवासी हैं तथा सेवानिवृत पूर्व सैनिक सूबेदार मेजर ओम प्रकाश पूनिया के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों, सहयोगियों, सहकर्मियों, छात्रों और परिवार के सदस्यों को दिया है।



## अहमदाबाद में सादुलपुर की एडवोकेट गायत्री पूनिया ने बढ़ाया मान

जयपुर टाइम्स



**सादुलपुर(निस)।** कस्बे की गौरवशाली व जानी-मानी सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट गायत्री पूनिया के नेतृत्व में गुजरात के कर्णावती (अहमदाबाद) में आयोजित होने जा रहे क्रिड़ाभारती (RSS) के पंचम अखिल भारतीय अधिवेशन 2025 की शुरूआत राजस्थानी संस्कृति और नारी शक्ति के भव्य प्रदर्शन के साथ हुई। अधिवेशन के पहले दिन महिलाओं ने पारंपरिक राजस्थानी पोशाक घाघरा-लुगड़ी पहनकर कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। राजस्थानी व देशभक्ति गीतों पर नृत्य, 'भारत माता की जय' के गगनभेदी जयकारे और 'वक्त बदल देंगे, हालात बदल देंगे' जैसे नारों के साथ महिलाओं ने अपनी एकजुटता और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। यह दृश्य न केवल गुजरात बल्कि देशभर से आए प्रतिनिधियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। सादुलपुर क्षेत्र के लिए यह गर्व का विषय रहा कि एडवोकेट गायत्री पूनिया गुजरात के अहमदाबाद में 26 दिसंबर से 28 दिसंबर 2025 तक आयोजित इस राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने पहुंचीं। वे जयपुर प्रांत की ओर से मातृ शक्ति सह-प्रमुख के दायित्व के तहत प्रतिनिधित्व कर रही हैं। उनके साथ दर्जनों महिलाओं ने पारंपरिक राजस्थानी पोशाक धारण कर माँ भारती के चित्र के समक्ष आरती व दीप प्रज्वलन कर तीन दिवसीय कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर एडवोकेट गायत्री पूनिया ने कहा कि संघ हमें निस्वार्थ भाव से राष्ट्र सेवा का अवसर प्रदान करता है। यह केवल संगठन नहीं, बल्कि एक जीवन पथ है, जो व्यक्ति को राष्ट्र के प्रति समर्पित होने की प्रेरणा देता है। नारी शक्ति, राष्ट्र सेवा और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े वर्ग के उत्थान के लिए सतत समर्पण की मिसाल बन चुकी एडवोकेट गायत्री पूनिया की सक्रिय भागीदारी ने सादुलपुर सहित पूरे राजस्थान का मान बढ़ाया है। उनका नेतृत्व महिलाओं को सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय दायित्वों के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम साबित हो रहा है।

## आरोग्य मेले में सांस्कृतिक संध्या में खूब जमा रंग, योगाभ्यास का किया प्रदर्शन





जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन मैदान में चल रहे संभाग स्तरीय आरोग्य मेले में विविध गतिविधियों में आमजन सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। शुक्रवार शाम को मेले में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में पंडित ललित व्यास, गजल गायक सुनील कुमार व डॉ. कमल वशिष्ठ ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। सहायक निदेशक डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि शनिवार को दिनभर मेले में काफी उत्साह देखने को मिला। आमजन ने दिनभर आयुष सेवाओं का लाभ उठाया और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। शनिवार को योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतरा जाट के नेतृत्व में प्रातःकाल योगाभ्यास करवाया गया और अंकुरित नाश्ते व प्राकृतिक हर्बल चाय लोगों में विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। मेले के दौरान रोग प्रतिरोधक काढ़ा और औषधीय पादपों की प्रदर्शनी में भी काफी रूचि रही। डॉ. संतोष शेषमा ने योग और डॉ. रमाकांत वर्मा ने स्वास्थ्य विषयक व्याख्यान दिया। रामसिंह बीका ने कविता वाचन किया। कार्यक्रम में उपनिदेशक डॉ. सत्यवीर सिंह, पदम सिंह, सुरेश सारस्वत, डॉ. रामकृष्ण शर्मा, डॉ. ओमप्रकाश, योगेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र दाधीच, सुरेन्द्र स्वामी, प्रकाश शर्मा, शंकर लाल शर्मा, रामावतार सैनी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी व भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बलिदान दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

जयपुर टाइम्स




**रतनगढ(निस)।** विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल की ओर से रतनगढ़ में तापड़िया मंदिर में स्वामी श्रद्धानंद जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा व विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक रीति अनुसार स्वामी श्रद्धानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग धर्म जागरण प्रमुख किशनाराम मंडा ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद धर्म रक्षा, स्वतंत्रता आंदोलन एवं वैदिक शिक्षा के प्रसार के क्षेत्र में सबसे उज्ज्वल नक्षत्र है। स्वामी दयानंद के सत्यार्थ प्रकाश से प्रभावित होकर जन कल्याण एवं सनातन संस्कृति की सेवा तथा देश की स्वतंत्रता के लिए उन्होंने संन्यास ग्रहण किया। गुरुकुल कांगड़ा विश्व विद्यालय की स्थापना से लेकर, जलियांवाला बाग में हुए भीषण नरसंहार से व्यथित होकर अंग्रेजों के खिलाफ भारतीय जन मानस को जगाने और मुस्लिम और ईसाई बन चुके लाखों लोगों को शुद्धि आंदोलन प्रारंभ कर सनातन धर्म में घर वापसी तक उन्होंने पूरे भारतवर्ष को वैदिक विचारों से आंदोलित कर दिया। शिक्षाविद् व प्रबुद्ध समाज सेवी अनिल लाटा ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान दिवस पर हम सबको संकल्प लेना होगा कि ऐसे महान संत का धर्म के लिए दिया गया बलिदान व्यर्थ न जाए इसके लिए हम जाति विभेद को त्याग कर समरस भावों से ओतः प्रोत होकर हिन्दुत्व के एकत्व भाव को परिपुष्ट करें। विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड उपाध्यक्ष जगदेव सांखोलिया ने लव जिहाद, लैंड जिहाद, धर्म परिवर्तन आदि की साजिशों से बचकर धर्म रक्षा के लिए अधिक से अधिक संख्या में युवकों से विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल में शामिल होने का आह्वान किया। परिषद के जिला धर्म प्रसार प्रमुख कृष्ण कुमार रामावत व जिला धर्म जागरण प्रमुख सुरेश कुमार सेवदा ने स्वामी जी को श्रद्धांजलि देने के लिए पधारे सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सह मंत्री रामदेव चंदनिया ने किया। इस अवसर पर वासुदेव चाकलान, जगदेव सांखोलिया, किशनलाल शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद चांदगोठिया, पवन कुमार पीपलवा, जयकांत बींवाल, सत्यनारायण टेलर, दिनेशचंद्र शर्मा, रमाकांत रूंथला, सुभाष त्रिवेदी, जिला मंत्री अरविन्द मिश्रा व अच्छी संख्या में अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

# गौरेया संरक्षण के लिए वितरीत किए 101 घोंसले

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नेचर एनवायरमेंट एण्ड वाइल्डलाइफ सोसायटी, ताल छापर के संरक्षक साहित्यकार और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने स्वामी गीगदास स्मृति भवन में गौरेया संरक्षण के लिए 101 घोंसलों का वितरण किया। संस्था के अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वामी ने बताया कि गौरैया संरक्षण के लिए एक सौ एक लकड़ी के घर वितरित किये गये। डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाना या पक्षी संरक्षण का काम करना श्रेयस्कर हैं। नगर



पालिका छापर के अध्यक्ष श्रवण माली की अध्यक्षता में आयोजित अभिनंदन समारोह से गौकवि धन्नाराम प्रजापत ने काव्यात्मक अभिनंदन पत्र का वाचन किया। राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी से सम्मानित वरिष्ठ कवि गौरीशंकर भावुक, रामशंकर गौशाला के अध्यक्ष जय प्रकाश सोनी, व्यवसायी चंचल दुधोड़िया, सुजानगढ़ के रतन सैन, कैमिस्ट एसोसिएशन की ओर से सुमनेश शर्मा, आबसर के शिक्षाविद् ईश्वर सुथार और समाजसेवी धर्मेंद्र कीलक ने भी डॉ.घनश्याम नाथ कच्छावा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर ज्योति तंवर, त्रिलोक मेघवाल, मरूदेश संस्थान की ओर से कमल नयन तोषनीवाल, संवेदक संघ की ओर से किशोर सैन, तेजकरण उपाध्याय, सतवीर सिंह राठौड़, हीरालाल भोभरिया, राजेश बिहारी, निजाम अली, हरि प्रसाद जोशी, ओम प्रकाश गोस्वामी, लक्ष्मण सिंह रावणा, संजय हर्षवाल, बबिता स्वामी, मंजू सारस्वत आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस अवसर पर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जाकिर हिंदुस्तानी, नवरत्न राणा, अख्तर अली, अनवर खान, मिजाज खान, अल्ताफ हुसैन और यूनुस खान ने बेहतरीन ग़ज़ल, गीत और भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिन्हें खूब करतल ध्वनियों से सराहना मिली। कार्यक्रम का संचालन शंकरलाल सारस्वत ने किया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।